# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 247 । भोपाल, गुरुवार 7 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कैंट पुलिस पर फिर लगे झूठ प्रकरण लादने के आरोप — पृष्ठ 2

▪ ये बनाम वो, हासिल आया शून्य
▪ इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी — पृष्ठ 4

▪ 11 को नगर बंद का आह्वान, 15 से करेंगे आमरण अनशन — पृष्ठ 6

दुनिया को मानवता के साथ स्वच्छ ऊर्जा का भी संदेश देगी सांची — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार का निधन



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के शीर्ष आईपीएस अधिकारियों में से एक और एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। चार साल पहले, उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केरल छोड़ दिया था और विशेष सुरक्षा समूह से जुड़े थे। वह इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सेवा विस्तार दिया गया था।

### तमिलनाडु में सड़क हादसा, 6 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बुधवार को एक सड़क हादसे में एक साल के मासूम बच्ची सहित एक ही परिवार को छह लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित हादसे के समय ओमनी वैन से सलेम जा रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया तथा वाहन चिन्नगौनदनूर में खड़े ट्रक से जा टकराया। सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान पलानीस्वामी, पी. पपति, सेलवराज, मंजूला अरुणुगम तथा मासूम बच्ची संजना के तौर पर हुई है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक किए जा सकते हैं नामांकन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण योगदान के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म पुरस्कारों के वास्ते ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिशें इस महीने की 15 तारीख तक की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित किये गये थे और इनके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### युवक को रस्सी से घसीटा, 2 गिरफ्तार

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर के शिवगंज मोहल्ले से एक युवक को पहले महिलाओं ने चप्पलों से पीटा और फिर हाथ पांव में रस्सी से बांधकर उसे मोहल्ले भर में घसीटा। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### आईआईटी मंडी के 10 छात्र किए गए निलंबित

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की आईआईटी–मंडी ने बुधवार को बताया कि दस छात्रों को फ्रेशर्स से रैगिंग करने के आरोप में दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से निलंबित कर दिया गया है। संस्थान ने बयान में कहा आईआईटी–मंडी के पास एक मजबूत रैगिंग विरोधी नीति है। घटना की जांच करने वाली समिति ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

सोनिया ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी, विशेष सत्र का एजेंडा पूछा

# महंगाई, सीमा विवाद समेत 9 मुद्दों पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** 18 सितम्बर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस नेता ने इसमें संसद के विशेष सत्र का एजेंडा पूछा है।सोनिया गांधी ने इस पर भी सवाल उठाया कि बिना किसी चर्चा के विशेष सत्र का ऐलान क्यों किया गया। चिट्ठी में कांग्रेस नेता ने 9 मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस चाहती है सरकार महंगाई, भारत–चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पत्र भेजा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले हफ्ते 18 से 22 सितंबर तक संसद के पांच दिन के विशेष सत्र के बारे में जानकारी दी थी।



पहली बार है कि कोई बैठक बुलाई जा रही है और एजेंडा तय नहीं है, न ही सहमति बनाने का प्रयास किया गया है : सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संसदीय दल का रणनीति समूह शामिल हुआ था। इसके बाद इंडिया गठबंधन के दलों के सांसदों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि विपक्ष सदन का बहिष्कार नहीं करेगा, बल्कि लोगों के मुद्दों को उठाएगा। जयराम रमेश ने बताया कि 6 सितंबर की सुबह सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा और कहा कि कोई चर्चा किए बिना ही संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर दिया गया। पत्र में यह भी लिखा गया कि विशेष सत्र की कार्यसूची जारी की जाती है और ऐसा पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची जारी नहीं की गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### प्रधानमंत्री में दिख रही घबराहट : रमेश

जयराम रमेश ने इंडिया या भारत नाम विवाद पर कहा, संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत .. इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री में ना केवल घबराहट दिखाई दे रही है, बल्कि थकावट भी दिख रही है। इंडिया गठबंधन की तीन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री और उनके रणनीतिकार घबरा गए हैं।'

चिट्ठी का सरकार ने दिया जवाब

### गैरजरूरी विवाद पैदा करने का हो रहा प्रयास



संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की चिट्ठी का सरकार ने जवाब दिया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, आपका परंपराओं की तरफ ध्यान नहीं है। सत्र शुरू होने से पहले बातचीत की जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने चिट्ठी में कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप संसद, हमारे लोकतंत्र के मंदिर के कामकाज का भी राजनीतिकरण करने और जहां कोई विवाद नही है वहां अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं।

मोदी ने मंत्रियों को दी सलाह

# भारत बनाम इंडिया पर बोलने से बचें, सनातन धर्म पर सख्ती से जवाब दें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रियों को जी–20 शिखर सम्मेलन के संदर्भ में भारत बनाम इंडिया की बहस को लेकर बयानबाजी से बचने की भी सलाह दी है।



इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों को उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए बयान का सही तरीके से और सख्ती से जवाब देने को कहा है। जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर बुलाई गई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी मंत्रियों को जी–20 इंडिया ऐप डाउनलोड करने को कहा है। जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन से पहले ऐप विशेषतौर पर लॉन्च किया है। इस ऐप को कई भाषाओं में एक्सेस किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद मिलेगी। भारत के पास जब तक जी–20 की अध्यक्षता रहेगी, यह ऐप तब तक कार्य करेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी मंत्रियों को वीवीआईपी संस्कृति से बचने को भी कहा। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा 9 सितंबर को आयोजित किए गए रात्रिभोज में हिस्सा लेने वाले मंत्रियों को पहले संसद भवन पहुंचने और वहां से बस में बैठकर वेन्यू तक जाने की सलाह दी है।

खंडवा में केन्द्रीय मंत्री ने किया जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ, बोले-

# देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा मध्यप्रदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** जिस मध्यप्रदेश में 5–6 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, वहां अब 30 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। बच्चों को शिक्षा, किसानों को पानी और बिजली मिल रही है। गांवों में उद्योग लग रहे हैं, जिनसे लोगों को रोजगार मिलेगा। अधोसंरचना में तेजी से सुधार हो रहा है। मध्यप्रदेश में इंदौर–हैदराबाद और देहली–मुंबई हाईवे बन रहे हैं, जिनके तैयार हो जाने पर एक घंटे में ओंकारेश्वर और 2 घंटे में बुरहानपुर से इंदौर पहुंचा जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी, ट्रांसमिशन नेटवर्क का लगातार विकास हो रहा है और मध्यप्रदेश देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा है। यह बात केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खंडवा में जन–आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार लगातार विकास और गरीब कल्याण के काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 44 लाख लोगों को आवास दिए गए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। उज्जवला योजना में गैस सिलेंडर मिल रहे हैं, तो आयुष्मान योजना में मुफ्त इलाज हो रहा है। श्री गडकरी ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अच्छा काम हो रहा है। थर्मल एनर्जी, सोलर एनर्जी और सोलर संयंत्रों में इलेक्ट्रोलाइजर लगाकर हाइड्रोजन उत्पादन का काम हो रहा है। इस क्षेत्र में प्रदेश में जो काम हो रहा है, उसे देखकर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### खंडवा मप्र में बिजली का हब है : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि जो असम्भव को संभव कर दें, उनका नाम नितिन गडकरी है। मध्यप्रदेश की सड़कों को लेकर जब–जब गडकरी जी को अवगत कराया है, उन्होंने हमारी हर समस्या का निदान कराया है। श्री चौहान ने कहा कि आज जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत हो रही है और बारिश का मौसम बन रहा है। अगर किसानों पर संकट आए तो घबराना नहीं, सरकार आपकी हर समस्या का निदान करेगी। श्री चौहान ने कहा कि हम पानी और कोयले से बिजली बना रहे हैं और खंडवा मध्यप्रदेश में बिजली का हब है। ओमकारेश्वर में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### भाजपा ने विकसित प्रदेश बनाया : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2003 से पहले रही मिस्टर बंटाधार के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय लोग सड़क, बिजली और पानी के साथ अपनी सुरक्षा तक के लिए मोहताज हो गए थे। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश का बंटाधार कर दिया था। लेकिन 2003 के बाद भाजपा की सरकार ने विकास और गरीब कल्याण के कामों से मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया है।

3 दिन तक चली मैराथन बैठकों के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा- हम चुनाव के लिए तैयार

# विस चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे कर सकेंगे मतदान




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में आयोग ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का विशेष ख्याल रखा है अब उन्हें घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लगातार 3 दिन चली मैराथन बैठकों के बाद देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव के लिए आयोग पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि इस बुजुर्ग और दिव्यांगों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए फार्म 12 डी भरकर चुनाव की अधिसूचना जारी होने के 5 दिन के भीतर निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। आयोग की टीम मतदान के पूर्व घर पहुंचेगी और डाक मतपत्र भरवाकर सीलबंद लिफाफे में जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएगी। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। वहीं इस बार कर्मचारियों को घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा नहीं मिलेगी। उन्हें प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले मतदान करना होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग का दल 3 दिवसीय दौरे पर भोपाल में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### नामांकन के बाद मानेंगे प्रत्याशी

भाजपा द्वारा घोषित 39 प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जा रही राशि को निर्वाचन व्यय में जोड़ने के प्रश्न पर कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशी माना जाता है और उस समय पूरी नजर रखी जाएगी।

### विधानसभा चुनाव समय पर होंगे

एक देश–एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं और लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हालिया अटकलों से जुड़े सवालों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बारे में स्पष्ट प्रावधान हैं। आयोग का काम चुनाव कराना है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पहले चुनाव कराए जाते हैं और उसके अनुसार ही समय पर चुनाव कराए जाएंगे।

### प्रत्याशी के बारे में देनी होगी जानकारी

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव में राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को भी मैदान में उतार देते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में मतदाताओं को जानने का हक है, इसीलिए चुनाव आयोग एक नई व्यवस्था कर रहा है, जिसके तहत अगर उम्मीदवार का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे अपने क्षेत्र में 3 बार प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्रसारित करना होगा, जिसमें उसे यह बताना होगा कि उस पर इस तरह के प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह राजनीतिक दल को भी यह प्रकाशित करना पड़ेगा और बताना होगा कि उनको आपराधिक पृष्ठभूमि का उम्मीदवार ही क्यों चुनना पड़ा, उन्हें बताना पड़ेगा क्या उसे क्षेत्र में कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं मिला है और उसने आपराधिक छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों बनाया।

शीर्ष अधिकारियों को दिए निर्देश

### 3 साल से एक ही जगह जमे अधिकारी हटेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निष्पक्ष चुनाव के लिए 3 साल से एक ही जगह जमें अधिकारियों कर्मचारियों को हटाया जाए। यह निर्देश कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए।

**ग्वालियर चंबल पर ध्यान दें, कोई गड़बड़ी न होने पाए**

इससे पहले श्री कुमार ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि चंबल और ग्वालियर अंचल में कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल क्षेत्र पर विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाए। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने अभियान चले और सख्ती हो। संविदा अधिकारी–कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी से पूरी तरह दूर रखें। मतदान केंद्रों में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### असम में मारपीट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के कछार जिले में चोरी के संदेह में 19 वर्षीय किशोर पर हमला करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 14 अगस्त को हुई और इसका एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई। आरोपी मनोज साहू कछार जिले के धोलाई विधानसभा क्षेत्र में एक पंचायत अधिकारी है। 14 अगस्त की दोपहर को साहू ने कथित तौर पर पीड़ित अजय री को एक दुकान के सामने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की।




# मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों दी राहत

- किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई
- मणिपुर सरकार को नोटिस जारी, जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की ओर से दायर याचिका पर मणिपुर सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने ईजीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने पर मामले की सुनवाई शुरू की।

श्री दीवान ने पीठ के समक्ष कहा कि सदस्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। तत्काल सुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष चार रिट याचिकाकर्ता हैं। हम उन में गिरफ्तारी और दंडात्मक कार्रवाईयों से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। श्री दीवान ने कहा कि गिल्ड के चार सदस्यों ने मणिपुर के कुछ लोगों का साक्षात्कार लिया और फिर एक तथ्यान्वेषी रिपोर्ट तैयार की।

तथ्यान्वेषी रिपोर्ट दो सितंबर को जारी की गई। इसके बाद उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था।



### स्कूल थप्पड़ कांड पर उप्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मुजफ्फरनगर जिले के एक निजी स्कूल में एक मुस्लिम नाबालिग छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर बुधवार को सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने बुधवार को महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और संबंधित पुलिस अधीक्षक से जांच की स्थिति और रिपोर्ट अदालत में दायर करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय ने किया प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार को कर्फ्यू के बावजूद हजारों मैतेई प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फौगाकचाओ इखाई में टिडिमरोड (इम्फाल–चुराचांदपुर रोड) पर सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया। इसके बाद क्वाक्टा में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स की ओर बढ़ते रहे। राज्य सरकार ने पांच जिलों, इंफाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल और काकचिंग में मंगलवार शाम 6 बजे से अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगाया है।

**सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स हटाए**

## सार समाचार

### 3 दिन से खराब पड़े ट्रक को सुधरवा रहा था ड्रायवर, चाय पीने गया तो कंटेनर ने रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत गुर्जर ढाबे के पास खराब ट्रक को सुधरवा रहे एक चालक को गुना तरफ से आ रहे कंटेनर ने रौंद दिया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरनावदा थानांतर्गत गुर्जर के पास पिछले तीन दिनों से खराब खड़े ट्रक को उसका ड्रायवर अमरेन्दर बहादुर पिता रामविलास यादव निवासी रायबरेली गुरुवार सुबह 7ः45 बजे अपने खराब ट्रक को सुधरवा रहा था।

इसी दौरान अमरेन्दर पास के ही होटल पर चाय पीने अपने दो साथियों के साथ पैदल जा रहा था। तभी गुना तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 06 जीए 2986 ने उसे सामने से रौंद दिया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक पर काम कर रहे मिस्त्रियों ने पुलिस को फोन लगाकर मौके पर बुलाया। यहां पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है।

### भाजपा में नपाध्यक्ष की वापसी के बाद नपा का विशेष सम्मेलन कल

**गुना, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद का विशेष सम्मेलन 8 सितंबर को आयोजित किया गया है। नपाध्यक्ष की भाजपा में वापिसी के बाद यह पहला विशेष सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में नगरपालिका को नगर निगम बनाये जाने के संबंध में विचार किया जाएगा। सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। नगरपालिका से मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका का विशेष सम्मेलन 8 सितंबर को आयोजित किया गया है। परिषद हॉल में दोपहर 3 बजे से बैठक होगी। इस बार बैठक में केवल एक एजेंडा रखा गया है। एजेंडे के अनुसार सम्मेलन में नगर की जनसंख्या एवं नगर के विकास को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद गुना को नगर निगम बनाये जाने के संबंध में विचारार्थ प्रस्तुत विषय पर चर्चा की जाएगी। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि गुना नगर पालिका परिषद पूरे शहर के विकास के लिए संकल्पित है। नगर की जनसंख्या एवं विकास को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद गुना को नगर निगम बनाया जाना है। नगर निगम बनाये जाने से वित्तीय तथा प्रशासनिक सक्षमता बढ़ेगी, जिससे नगर का विकास तीव्र गति से हो सकेगा। वर्तमान में नगर की जनसंख्या लगभग 2.50 लाख है तथा आसपास के ग्राम मिलाकर 3.00 लाख से अधिक हो जाएगी। नगर निगम बनने के बाद सम्मिलित होने वाले गावों का भी समुचित विकास हो सकेगा।

### विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्रों में किया रवाना

**गुना, देशबन्धु।** जनसम्पर्क विभाग भोपाल से आये विकास रथों को जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधिगण रमेश मालवीय एवं सचिन शर्मा सहित मीडिया प्रभारी विकास जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथों को रवाना किया गया। इस दौरान एडीएम मुकेश कुमार शर्मा, प्रभारी जिला जनसंपर्क अधिकारी बीएस मीना उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासन दवारा विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्म विकास रथों में लगी एलईडी के माध्यम से विभिन्न वीडियो फिल्म और गाने विधानसभा क्षेत्रों में घूमकर दिखाये जायेंगे।

### पुलिस ने पिपरिया हत्याकांड के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

# नशे में दोस्त की बीबी के पास जाने से गुस्साए दोस्तों ने की थी हत्या

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत ग्राम पिपरिया में जन्मदिन जलसा पार्टी में हुई युवक के अंधे कत्ल में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पार्टी में युवक के साथ में शराब पीने वाले दो दोस्तों ने लाठी, कुल्हाडी मारपीट की थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 सितंबर की रात को वीरू उर्फ वीरेन्द्र जन्मदिन मानने के लिए गांव के ही बादाम कोरी के घर जाने की कहकर गया था। जो रात करीबन 3 बजे वापस घर आया और कपड़े बदलकर फिर से कहीं चला गया। इसके बाद परिजनों को सुबह पता चला कि उनका लडक़ा वीरू घायल होकर गांव के होलीवाला हेण्डपंप के पास बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ मिला। जिसके सिर में चोट के निशान होकर खून निकल रहा था। जिसे वह तत्काल गुना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे



भोपाल रैफर कर दिया एवं भोपाल रवाना होते समय उसके लडक़े वीरू कुशवाह की मृत्यु हो गई है। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक वीरू कुशवाह के साथ उसके ही दोस्तों धनराज उर्फ गुण्डी पुत्र जगदीश कुशवाह एवं परमाल उर्फ चुंगल पुत्र नथन सिंह कोरी निवासीगण ग्राम पिपरिया द्वारा लाठी, कुल्हाड़ी से मारपीट की गई थी। जिनकी मारपीट से आई चोटों के कारण ही वीरू कुशवाह की मृत्यु होना पाये जाने पर दोनों आरोपियों को धारा 302, 34 में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि 3 सितंबर की रात को गांव में जन्मदिन जलसा के दौरान वीरू कुशवाह व उनके द्वारा साथ में शराब पी गई थी। इसी बीच वीरू द्वारा धनराज कुशवाह को अकारण गालियां दी गई। इसके बाद वीरू कुशवाह दारू के नशे में परमाल कोरी के घर में बुरी नियत से उसकी मूक वधिर पत्नि के पास चला गया। जिससे तहस में आकर परमाल कोरी वीरू कुशवाह के पीछे कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा तो धनराज कुशवाह भी लाठी लेकर परमाल के साथ हो लिया और दोनों ने मिलकर वीरू के साथ लाठी, कुल्हाड़ी से मारपीट की गई थी।

### पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे फरियादी

## कैंट पुलिस पर फिर लगे झूठा प्रकरण लादने के आरोप



**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाने में झूठी और फर्जी प्रकरण दर्ज करने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। अब ग्राम पिपरोदा केशराज निवासी दो भाईयों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर उन पर हाल ही में दर्ज मुकदमे को झूठा बताते हुए घटना दिनांक एवं समय को गुना में उपस्थित होने की बात कहीं। फरियादियों के अनुसार उन्होंने इस संबंध में बकायदा पुलिस अधीक्षक से सीसीटीव्ही फुटेज की जांच कराने की भी मांग की। पूरा मामला पुरानी रंजिश और न्यायालय में चले आ रहे प्रकरण को लेकर है, जिसमें पुलिस से सांठगांठ कर आरोपी ने उन पर झूठा प्रकरण लदवाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरौदा केशराज निवासी राजू यादव एवं पप्पू यादव ने बताया कि उन पर कृष्णभान यादव ने पुलिस से मिलकर झूठा अपराध क्रमांक 739/23 धारा 327 का प्रकरण दर्ज कराया है। जबकि आवेदगण उक्त दिनांक एवं समय पर गुना में थे। जिसका सीसीटीव्ही फुटेज हनुमान चौराहा एवं कैंट चौराहे पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों में देखा जा सकता है। फरियादी राजू यादव के अनुसार उन्होंने 12 मार्च 23 को आरोपी कृष्णभान यादव पर धारा 342, 294, 506, 34 भादवि के तहत दर्ज कराया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

तभी से वह उनसे रंजिश रखता है। वहीं आरोपीगणों ने दूसरे फरियादी पप्पू यादव और उसकी मां के साथ 30 अगस्त को घर में घुसकर मारपीट की थी। जिस पर भी कैंट थाने में धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज है। अब उन्हें फंसाने आरोपी ने उन पर पुलिस के साथ सांठगांठ कर झूठा मामला दर्ज कराया है। दोनों फरियादियों ने एसपी को दिए आवेदन में मामले की जांच कराने की मांग की है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज, दिनभर चली तैयारियां



**गुना, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व गुरुवार को उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। इसके लिए एक दिन पूर्व तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। जहां एक ओर यादव समाज द्वारा चल समारोह निकालने की तैयारी है, तो नयापुरा गोपाल मंदिर को तिरंगे के रंग में सजाया जा रहा है। इधर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव इस बार दो दिन मनाया जा गया। हालांकि कुछ जगहों को छोडक़र ज्यादातर स्थानों पर गुरुवार को ही जन्माष्टमी पर्व मनेगा। इसके लिए तैयारियां जारी हैं। बाजार में भी रौनक बढ़ी हुई है। खासकर, भगवान की पोशाक की दुकानों पर अच्छी भीड़ दिखाई दी, जहां लोग पोशाक और श्रृंगार की सामग्री खरीदते नजर आए। वहीं मिष्ठान की दुकानों पर भी ग्राहकी देखने को मिली। इसके अलावा मंदिरों में भी साज-सज्जा और अन्य तैयारियां जारी हैं। नयापुरा गोपाल मंदिर पर परिसर को तिरंगे के रंग में सजाया जा रहा है, तो आकर्षक सज्जा की गई है। जन्माष्टमी पर भारी भीड़ उमडऩे की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने भी यहां मौका मुआयना किया। वहीं गुरुवार की सुबह सात से रात एक बजे तक मंदिर के पट खुले रहेंगे। रात 11.45 बजे श्रीमन नारायण स्तुति के बाद 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनेगा। इसी तरह कैंट गोपाल मंदिर, हनुमान मंदिर, हनुमान चौराहा मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां हो रही हैं।

### यादव समाज निकालेगा चल समारोह

यादव समाज द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को शहर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी विश्ववीरसिंह यादव ने बताया कि चल समारोह 7 सितंबर को सुबह 11 बजे गायत्री मंदिर से शुरू होगा। इसके बाद हाटरोड, निचला बाजार आदि क्षेत्रों से होते हुए लक्ष्मीगंज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समारोह का समापन होगा। यादव महासभा ने आमजन से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में शामिल होने की अपील की है।

नोट= समाचार के साथ फोटो केप्शन

## शिक्षक ने डीईओ कार्यालय पहुंचकर की सल्फॉस खाने की कोशिश



**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत उकावदा हायर सेकेंडरी स्कूल में एक अतिथि शिक्षक को प्राचार्य द्वारा हटाने पर अतिथि शिक्षक ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान उसने अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं करने पर कार्यालय परिसर में ही सल्फॉस खाने की कोशिश की। यहां मीडिया से चर्चा करते हुए अतिथि शिक्षक ने प्राचार्य उकावद पर गंभीर आरोप लगाएं।

शिक्षक के अनुसार प्राचार्य उकावद पैसे लेकर किसी और को रख रहे हैं। जबकि वह पिछले पांच सालों से नियमित रूप से स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। यहां वह बच्चों को वर्ग-1 में इतिहास पढ़ाते हैं। अतिथि शिक्षक के अनुसार वह स्कूल के सारे काम करते हैं। यहां तक की स्कूल के ताले तक वह खोलते हैं। मंगलवार को भी गुना आए थे। यहां बीईओ ने उन्हें अतिथि शिक्षक पद पर रखवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन आज यहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान डीईओ परिसर में ही अतिथि शिक्षक ने सल्फॉस खाने की कोशिश की। बहरहाल काफी देर तक यहां हंगामा चलता रहा।

## पुलिस पेट्रोल पंप पर बिक रहा है पानी मिला पेट्रोल!



**गुना, देशबन्धु।** शहर के हनुमान चौराहा के निकट संचालित पुलिस पेट्रोल पंप पर पानी मिलाकर पेट्रोल डालने का मामला सामने आया है। बुधवार को दर्जनों लोगों ने बोतलों में पानीयुक्त पेट्रोल दिखाकर प्रदर्शन कर शिकायत की। बड़ी संख्या में लोगों ने तो अपनी बाइकों से पेट्रोल निकालकर भी बताया। लोग बोतलों में पानी लेकर पेट्रोल पंप पर घूमते रहे। इस दौरान कई लोगों को पेट्रोल के पैसे भी वापस किए गए। कर्नलगंज के रहने वाले गोलू ने बताया कि वे शिवपुरी के लिए पेट्रोल पंप से 500 रुपए का पेट्रोल डलवाकर निकले थे। कुछ दूर चलने के बाद ही बाइक बंद हो गई। उन्होंने काफी प्रयास के बाद भी जब बाइक चालू नहीं हुई तो पेट्रोल की टंकी देखी जिसमें पानी ही पानी चमक रहा था। वो वापस बाइक को धक्का लगाते हुए पेट्रोल पंप पहुंचे और शिकायत की। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायत करते हुए पेट्रोल के पैसे वापस देने की मांग करते हुए यहां स्टाफ से काफी देर तक बहसबाजी चलती रही। कई लोगों ने पेट्रोल पंप की जांच करने की मांग भी की है।

## शशांक सक्सेना के नेतृत्व में निकली किसान अधिकार वाहन रैली

**सीहोर, देशबन्धु।** बारिश न होने के कारण क्षेत्र में सूखे के हालात हैं ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता शशांक सक्सेना के नेतृत्व में नगर में किसान अधिकार वाहन रैली निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे। रैली नगर के बाल विहार मैदान से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट पहुंची जहां कांग्रेसियों में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी करते हुए मुआवजे की मांग उठाई।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता श्री सक्सेना ने कहा कि बारिश न होने के कारण खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं खास तौर से सोयाबीन की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं, कहा कि किसानों को सूखे से बर्बाद हुई फसलों के लिए 40 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा राशि दी जानी चाहिए।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से संगठन प्रभारी राजाराम बडे भाई, सत्यनारायण भाटी, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, नईम नबाव, राहुल यादव, अनस खान, विवेक राठौर, राजू राजपूत, जयंत शाह, मंशराम अहिरवार, सीताराम भारतीय, राजेन्द्र वर्मा, पवन राठौर, इरफान लाला, रेहान, प्रदीप सरकार, आशीष गेहलोत, हसीन कुरैशी, घनश्याम यादव सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### शिक्षकों को सम्मानित किया

**सीहोर, देशबन्धु।** 5 सितंबर मंगलवार शिक्षक दिवस पर होशंगाबाद रोड स्थित न्यू सेनवी कान्वेंट स्कूल मे कायस्थ बंधु पत्रिका समिति भोपाल की ओर से शिक्षक सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम मे 11 महिला शिक्षकों को शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्कृष्ठ कार्य करने पर समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने फूल माला पहनाकर शॉल,श्रीफल के साथ सम्मान मे प्रशस्ति पत्र प्रदान किए है। स्कूल के संचालक श्रीमती मधु अजय सिन्हा ने बताया कि शिक्षा दान मेरे स्कूल का उददेश्य है। इसलिए बच्चों से नाम मात्र की शुल्क लेकर सेवा दी जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सम्मानित शिक्षकों से कहा कि आप आदर्श शिक्षक बनकर बच्चों से आत्मीयता के साथ साथ सहानूभूति,का रिश्ता बनाकर उनके अंदर की बुराईयो को समाप्त कर जीवन को बेहतर बनाएं।

## सादगी के साथ मनाया जिला कांग्रेस अध्यक्ष तोमर का जन्मदिन

**सीहोर, देशबन्धु।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर का जन्मदिन आज धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. तोमर से केक कटवाकर, पुष्पगुच्छ भेटकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. तोमर ने अपने स्वागतोत्तर में सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बड़ी ही प्रसन्नता की बात है कि कांग्रेस पार्टी में सभी कार्यकर्ता परिवार की तरह एकजुटता के कार्य कर रहे हैं और मैं आशा व्यक्त करता हूं कि आप सभी का स्नेह इसी तरह बना रहे।

जन्मदिन के मौके पर शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, राजेन्द्र ठाकुर, राजाराम कसोटिया, राजेन्द्र वर्मा, रमेश गुप्ता, रघुवीर सिंह दांगी, हरपाल ठाकुर, शशांक सक्सेना, मेघा परमार, गणेश तिवारी, जयंत शाह, राहुल यादव, गुलाब बाई ठाकुर, देवेन्द्र चौधरी, विवेक राठौर, तुलसीराम पटेल, बलवान ठाकुर, महेन्द्र सिंह ढाबला, विजय उपाध्याय, के.के. रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी रामजकुमार राठौर, असरफ अली, कमलेश चाण्डक, शईद मंसूरी, मीरा रायकवार, विनोद राठौर, आजम लाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति के संचालक मंडल के चुनाव का कार्यक्रम जारी

**शिवपुरी, देशबन्धु।** म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी.ओझा द्वारा ग्रामीण महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या.लुकवासा के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक अनिल श्रीवास्तव को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संस्था की चुनाव प्रक्रिया अधिनियम नियमों एवं उपविधियों के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

जारी कार्यक्रम के तहत आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 18 सितम्बर, नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि तथा नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि 25 सितम्बर, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन की तिथि 26 सितम्बर, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि 3 अक्टूबर, रिक्त स्थानों के सहयोजन की तिथि 4 अक्टूबर, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए सूचना जारी किए जाने की तिथि 4 अक्टूबर तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### सोनचिरैया पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी, देशबन्धु।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. सोनचिरैया फीडर पर 7 सितम्बर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही. सोनचिरैया फीडर के बंद रहने से 7 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक द्वारकापुरी, नमोनगर, ग्वालियर बायपास आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### जिला आबकारी टीम ने एक माह में बनाए 133 प्रकरण, 5 लाख से अधिक की जप्ती

**शिवपुरी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के होने वाले चुनावों के मद्देनजर हुए शिवपुरी जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम के लिए गतदिवस जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा माह अगस्त 2023 में 133 प्रकरणों में 5 लाख से अधिक की कीमत की शराब व लहान जप्त की गई है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत कार्यवाही के लिए दिए गए निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्य नयन एवं विक्रय के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में माह अगस्त 2023 में कुल 218 लीटर देशी व हाथ भट्टी मदिरा, 201 लीटर विदेशी मदिरा तथा लगभग 4400 कि.ग्रा. लहॉन जप्?त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 133 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। कुल जप्त शराब व लहॉन की कुल अनुमानित कीमत 5 लाख 56782 रूपये है। आगामी माहों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

### स्टेशन रोड पर फिर सजे चिकन-बिरयानी के ठेले

# ठेलों पर खुलेआम झलक रहे हैं शराबियों के जाम

*गुना, देशबन्धु। शहर के मुख्य मार्गों पर चिकन-बियानी के ठेले बड़ी संख्या में लग रहे हैं। इन ठेलों पर शराब के जाम पर खुलेआम जमकर झलक रहे हैं। इसके साथ ही खुलेआम शराब पीकर लोग अन्य लोगों को शराब पीने का न्यौता भी दे रहे हैं। शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर एक दर्जन से अधिक चिकन-बिरयानी के ठेले मंदिर के आगे ही लग रहे हैं। वहीं पास में ही गणेशोत्सव एवं नवरात्रि की मूर्तियों का निर्माण जारी है। ऐसे में दोनों ही स्थलों पर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। रेलवे स्टेशन रोड पर जिस स्थान पर बिरयानी ठेले लगे हैं, उसके बिल्कुल पीछे बाउण्ड्री के उस ओर बिजली कंपनी का मंदिर है। जिसमें आने वाले श्रद्धालुओं को यहां की दुर्गंध से खासे परेशान हैं।*

*वहीं लोग चिकन का मांस खाकर हड्डियां सडक़ पर ही फेंक देते हैं, जिसे*



*कुत्ते प्रतिदिन खाकर खूंखार होते जा रहे हैं। चिकन की पर्याप्त खुराक न मिलने पर कुत्ते मांस और हड्डियों की तलाश करते हुए लोगों पर हमला कर रहे हैं। शहर के लोग कुत्तों से परेशान हो रहे हैं। स्टेशन रोड से निकलने वाले यात्रियों पर आवारा कुत्ते झुंड बनाकर हमला कर रहे हैं। रात के समय सूनी सडक़ों पर कुत्तों के झुंड देखे जा सकते हैं। बाइक सवारों को भी दूर तक कुत्ते खदेड़ देते हैं, जिनसे बाइक सवार अपना संतुलन खो देता है दुर्घटना का शिकार हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिसे देखकर अनदेखा किया जा रहा है।*

*स्टेशन रोड पर प्रतिदिन एक नया चिकन-बियानी का ठेला लग रहा है, यदि खुलेआम ऐसे ही मांस बिकता रहा, तो कुत्तों की संख्या में इजाफा होना संभव है। कुत्तों को मांस और हड्डियां खाने की आदत होती जा रही है। स्टेशन रोड के दुकानदारों का कहना है कि पहले तो कुत्ते बिस्किट और रोटी खाते थे, जब से यह बिरयानी के ठेले लगना शुरू हुए हैं उन्हें मांस खाने की आदत हो गई है। मांस खाने के लिए यह लोगों पर हमला करने से भी नहीं चूक रहे। यही समस्या शहर के विभिन्न जगहों पर बनी हुई है। आरोन बस स्टेण्ड से लेकर जज्जी बस स्टेण्ड पर कुत्ते मुसीबत बने हुए हैं। शहर में बड़े स्तर पर चिकन-बिरयानी का व्यापार अपने पैर पसार रहा है। बिरयानी के साथ मिलने वाला मांस कुत्तों को खूंखार बना रहा है। कई लोगों ने नगरपालिका को भी कुत्तों की समस्या से अवगत कराया। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। इसके अलावा चिकन-बिरयानी के ठेलों पर दारू पार्टी का दौर भी चल रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है।*

# न्यू चौकसे नगर में गूंजा- सुविधा नहीं तो वोट नहीं

## विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे लोग, पोस्टर-तख्तियां लगाई



**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया मार्ग पर लांबाखेड़ा स्थित न्यू चौकसे नगर कॉलोनी में रहने वाले लोग विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इसे लेकर उन्होंने कॉलोनी में पोस्टर और तख्तियां लगाई हैं। वे सीवेज, स्ट्रीट लाइट, सड़क समेत अन्य सुविधाओं से सालों से वंचित हैं। इस कारण उन्होंने चुनाव में मतदान नहीं करने का फैसला लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यू चौकसे नगर वार्ड नंबर-79 का हिस्सा है, जबकि बैरसिया विधानसभा में आता है। करीब 5 सौ घरों वाले इस इलाके के लोग पिछले सात साल से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। तमाम अफसरों और जन प्रतिनिधियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या दूर नहीं हो रही है। इसके चलते अब उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा है। यहां के रहवासी राजेश सैनी ने बताया कि न्यू चौकसे नगर में सबसे बड़ी समस्या सीवेज की है। सीवेज सिस्टम नहीं होने की वजह से गंदा पानी घरों के पास और सड़कों पर ही बहता है। इस कारण मच्छर पनपते हैं, जिससे लोग बीमार होते हैं। स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं, जबकि सड़कें भी ठीक नहीं है। निगम अफसरों से जब बात की गई तो उनका कहना है कि कॉलोनी निगम के हैंडओवर नहीं हुई है। इसलिए यहां विकास कार्य नहीं करा सकते हैं। जबकि, निगम यहां से संपत्तिकर सहित अन्य करों की नियमित वसूली करता है। यहां सुविधाओं का अभाव होने के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी की समस्याओं को लेकर रहवासी सड़क पर भी उतर गए। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव से पहले यदि समस्याएं दूर नहीं हुई तो वे चुनाव का बहिष्कार कर देंगे मतदान नहीं करेंगे। प्रदर्शन के दौरान बलराम गुमास्ता, वीरेंद्र शर्मा, दिनेश कुमार, अनिल शर्मा, कुलदीप, प्रवीण जोशी, अनिल शर्मा, रणजीत पंडित, रोहित अग्रवाल, रवि यादव, शैलजा नारोलिया, संगीता सैनी, कीर्ति प्रजापति समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कार की चपेट में आया मासूम, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया इलाके में तीन साल के एक मासूम की पड़ोसी की कार से टक्कर लगने से मौत हो गई। बागसेवनिया थाना पुलिस ने बताया कि संतोष वाल्मीकि शनि मंदिर के पास बागमुगालिया इलाके में रहता है और निजी काम करता हैं। मंगलवार रात उसका तीन साल का बेटा अर्जुन घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान संतोष के घर के पास में रहने वाला सुजीत अहिरवार अपने परिवार को कार से धुमाकर वापस लाया और परिवार को कार से उतारने के बाद वह कार निर्धारित स्थान पर खड़ी करने के लिए पीछे करने लगा। उसी दौरान अर्जुन खेलते-खेलते कार के पीछे पहुंच गया और पीछे हो रही कार की टक्कर लगने से जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। बच्चे को बेसुध देखकर सुजीत घबरा गया और अपनी ही कार से उसे बावाडिया कलां के निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# भोपाल से मुंबई जाने वाले विमान में आई खराबी, उड़ान निरस्त



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल से मुंबई जा रही इंडिगो के रात्रिकालीन विमान में मंगलवार देर रात अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते विमान उड़ान नहीं भर सका और उड़ान को ऐनवक्त पर निरस्त करना पड़ा। इसके बाद इंडिगो प्रबंधन रात को वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका, इस कारण यात्री नाराज दिखे और यात्रा निरस्त होने से परेशान यात्रियों ने देर रात ही विमानतल पर जमकर हंगामा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडिगो की रात की उड़ान मंगलवार को निर्धारित समय से आधे घंटे की देरी से मुंबई से भोपाल पहुंच गई थी। मुंबई से भोपाल आने वाले यात्रियों को कोई परेशान नहीं हुई, लेकिन जब यही उड़ान भोपाल से मुंबई जाने को तैयार थी, उसी समय विमान के इंजन में खराबी आ गई। तकनीकी खराबी के कारण पहले उड़ान को स्थगित किया गया। यात्रियों को लगा कि कुछ समय में विमान उड़ान होगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रात्रि करीब 12 बजे कंपनी ने उड़ान निरस्त करने की घोषणा कर दी और यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। इस पर कई यात्रियों ने नाराजगी प्रकट करते हुए जमकर हंगामा किया। वहीं यात्रियों को होटल में ठहराने की व्यवस्था भी नहीं हो सकी। इसके चलते कई यात्रियों ने टिकट निरस्त करवा दिए। वहीं कुछ यात्री सुबह तक विमानतल पर बैठे रहे। यात्रियों को सुबह की उड़ान से मुंबई भेजा गया।

# छात्रा से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो

## प्रसारित करने की धमकी देकर कर रहा था शारीरिक शोषण

**भोपाल, देशबन्धु।** मिसरोद इलाके में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित उसे स्कूल से घुमाने के बहाने लेकर गया और बाद में दोस्त के कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया और उक्त वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर दो माह तक उसका दैहिक शोषण भी किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़िता घर से भाग गई और गौरवी संस्था के संपर्क में आई। गौरवी के सदस्यों ने जब पीड़िता को समझा-बुझाकर पूछताछ की, तब उसने अपने साथ हो रही ज्यादती के बारे में बताया।

मिसरोद पुलिस के मुताबिक नर्मदापुरम रोड पर एक कालोनी में 15 वर्षीय नाबालिग अपने परिजनों के साथ रहती है। वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। छात्रा जून के महीने में अपनी मां की सहेली के घर गई थी, जहां पर उसकी पहचान विमलेश से हुई थी। बाद में दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। जुलाई 2023 को विमलेश छात्रा के स्कूल पहुंच गया, जहां से उसे वह घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया और आशिमा माल घुमाने के बाद दोस्त के कमरे पर ले जाकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपित ने पीड़िता को उसके घर पर भी छोडा और उसे धमकी दी कि उसका अश्लील वीडियो उसने बना लिया है, अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। इसके बाद आरोपी ने उसकी मर्जी के खिलाफ दो बार अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर दैहिक शोषण भी किया। जब पीडिता की मां को घटनाक्रम की जानकारी हुई तो मां ने बेटी को डांट दिया। उसके बाद छात्रा घर छोड़कर आरोपी के रिश्तेदार के घर पहुंच गई। लड़की अपने घर नहीं जाना जा रही थी तो रिश्तेदार ने उसके बारे में गौरवी संस्था से संपर्क किया तथा छात्रा को संस्था की महिला प्रतिनिधियों के साथ भेज दिया। संस्था ने जब उसकी परामर्श किया तो छात्रा ने ज्यादती की बात बताई। इसके बाद मिसरोद थाने में मामले की शिकायत कर दी गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि आरोपी एक निजी कंपनी में प्रबंधक है।

# अदालर्त ने दुष्कर्म मामले में किया बरी, जेल से बाहर आए मिर्ची बाबा

**भोपाल, देशबन्धु।** दुष्कर्म के आरोप में भोपाल की केन्द्रीय जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा 13 महीने बाद जेल से बाहर आए हैं। चूंकि भोपाल की अदालतने उन्हें दुष्कर्म मामले में बरी कर दिया है। अदालत का फैसला आने के बाद रात को मिर्ची बाबा को जेल से रिहा कर दिया गया। गौरतलब है कि रायसेन की 28 साल की नि:संतान महिला ने मिर्ची बाबा पर नशीली भभूति खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।पीड़ित महिला ने 8 अगस्त 2022 को भोपाल के महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच के बाद महिला थाना पुलिस ने मिर्ची बाबा के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने मिर्ची बाबा को 9 अगस्त 2022 को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही मिर्ची बाबा भोपाल जेल में बंद थे। मिर्ची बाबा के वकील श्रीकृष्ण घोंसले के मुताबिक, पीड़िता ने जिस दिन भोपाल में रायसेन रोड स्थित मिनाल रेसीडेंसी में घटना होने की शिकायत की थी। उस दिन मिर्ची बाबा ग्वालियर में थे। इसके कई अलग-अलग सबूत दिए गए थे। इनमें तस्वीरें और वीडियो तक शामिल है। इन सबूतों के ाधार पर अदालत ने मिर्ची बाबा को दुष्कर्म मामले में बरी कर दिया।



**बैरसिया, देशबन्धु।** बैरसिया में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना अंतर्गत गरीब को 5 रुपये थाली भोजन मिलेगा, जिसका शुभारंभ आज किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, पार्षद, वरिष्ठजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस कार्यक्रम आज

**भोपाल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस-2023 पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश पर्यावरण विभाग के सहयोग से भोपाल में राष्ट्रीय कार्यक्रम किया जा रहा है। अब तक यह कार्यक्रम नई दिल्ली में हुआ था। यह पहली बार है कि राष्ट्रीय कार्यक्रम दिल्ली से बाहर किसी राज्य मध्यप्रदेश के भोपाल में किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में प्रथम तीन स्थान पाने वाले शहरों को भी पुरूस्कृत किया जायेगा। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सफलता की कहानियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। इस अवसर पर लगायी जाने वाली प्रदर्शनी में मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, भीमा बाँस रोपण आदि स्टॉल होंगे।

# कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, झमाझम से किसानों को राहत

**भोपाल, देशबन्धु।** अगस्त का महीना तपन और मानसून की बेरुखी में बीतने के बाद अब किसानों के लिए बड़ी राहत मिली है। चूंकि लंबे ठहराव के बाद फिर पूरे प्रदेश में झमाझम वर्षा का दौर शुरू हुआ है। किसानों की सूख रही फसल को अमृत की बूंदे मिली हैं। आम लोगों को भी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। अगले 24 घंटों में भी मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अगले 24 घंटों में नरसिंहपुर, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में भारी वर्षा का अनुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने टीकमगढ़, निवाड़ी, उज्जैन, आगर जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सीहोर, राजगढ, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगौन, आलीराजपुर, झाबुआ धार, इंदौर, देवास, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, दतिया, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में 18 से 20 सितंबर तक वर्षा की सक्रियता रहेगी। बता दें प्रदेश में अब तक सामान्य से 19 फीसदी कम वर्षा हुई है।

# रंग संस्कृति नाट्य समारोह में शहर के साहित्यधर्मी, कलाकार सम्मानित होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** विधायक विश्रामगृह स्थित शहीद भवन में रंग संस्कृति समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रंग संस्कृति नाट्य समारोह में प्रसीद्ध रंगकर्मियों के निर्देशन में होने वाले नाटकों के मंचन के साथ शहर के कलाकार एवं साहित्य धर्मी भी सम्मानित होंगे। रंगकर्मी एवं आयोजन समिति के सचिव यतीन्द्र अत्रे ने बताया कि 8 सितंबर से आरंभ होने वाले इस तीन दिवसीय नाट्य समारोह के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विधाओं में कलाकारों एवं साहित्य धर्मियों द्वारा दिए अवदान के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित करने का निर्णय समिति ने लिया है। इस कड़ी में साहित्य सृजन के क्षेत्र में हिंदी एवं लोकभाषा निमाड़ी के साहित्यकार सुरेश कुशवाह तन्मय, लोकगीत गायन के क्षेत्र में प्रवीण चैबे, संगीत निर्माण में मॉरिस लाजरस तथा रंगमंच में अपने सहज अभिनय के रूप में जाने जाने वाले मुकेश पाचोड़े को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के उपरांत प्रथम दिवस की प्रस्तुति के रूप में बालेंद्र सिंह निर्देशित एवं धर्मवीर भारती द्वारा लिखित हम थिएटर समूह के कलाकारों द्वारा नाटक अंधा युग का मंचन होगा। द्वितीय दिवस सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं रंगकर्मी राजीव वर्मा द्वारा निर्देशित एवं योगेश त्रिपाठी लिखित चर्चित नाटक चैथी सिगरेट का मंचन भोपाल थियेटर्स के कलाकारों द्वारा होगा। अंतिम दिवस संस्था टीम संपूर्णम मुंबई द्वारा कुलविंदर बख्शीश के निर्देशन में नाटक कर्ण का मंचन किया जाएगा। शुभारंभ दिवस पर कार्यक्रम 6:30 पर आरम्भ होगा नाटकों की प्रस्तुति प्रतिदिन शाम 7 बजे से होंगी।


पंजीयन क्र. DRB /581/दि. 21/4/1994

**सर्वोत्तम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल**

154, महेन्द्र काम्पलेक्स, जोन-1, महाराणा प्रताप नगर,
भोपाल (म.प्र.)- 462011

क्रमांक : दिनांक 06.09.2023

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

सर्वोत्तम गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल (पंजीयक क्रमांक-डी.आर.बी.-581, दिनांक-21.04.1994) संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक **24.09.2023** दिन रविवार को समय प्रात: 11 बजे से स्थान-वर्ल्ड-वे-स्कूल, (सभाकक्ष में) ई-8, बावडिया कलां, भोपाल म.प्र.। पर आयोजित की जायेगी। इसकी सूचना साधारण डाक से समस्त सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी हैं। सभा के नियत समय पर आवश्यक गणपूर्ति न होने की स्थिति में सभा की कार्यवाही आधे घंटे के लिये स्थगित की जा सकेगी। उस पर भी गणपूर्ति न हुई तो स्थगित सभा उसी स्थान पर प्रारंभ होगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

**अध्यक्ष**
**सर्वोत्तम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. भोपाल**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**मासोद वृत प्रभात पट्टन जिला बैतूल**

रा.प्र.क्रं.: 159 व/121 वर्ष 22-23 नियत दिनांक 15.09.2023

संजय पि. पामा एवं अन्य ................. आवेदकगण

**बनाम**

भीमा पिता पंचम एवं अन्य ................. अनावेदकगण

1. भीमा पिता पंचम जाति मेहरा 2. बायजी पिता पंचम जाति मेहरा
3. रामपत पिता परस्या जाति मेहरा 4. किसन पिता हरचंद जाति मेहरा
5. भारत पिता हरचंद जाति मेहरा 6. मानिक पिता हरचंद जाति मेहरा
7. नब्बी पिता हरचंद जाति मेहरा 8. सुमन पिता हरचंद जाति मेहरा
9. धुर्वी पिता हरचंद जाति मेहरा 10. पुर्णी पिता हरचंद जाति मेहरा
11. मीरा पिता हरचंद जाति मेहरा 12. राजी बेवा हरचंद जाति मेहरा

सभी निवासी बिरूल बाजार तहसील प्रभात पट्टन जिला बैतूल

अपीलार्थीगणो ने इस न्यायालय में मौजा बिरूल बाजार स्थित भूमि खसरा नं. 265/1 एवं 265/3 रकबा क्रमश: 2.104, 0.900 हे. भूमि जिसका राजस्व अभिलेख में वास्तविक रकबा अनुसार नक्शा दुरूस्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में नियत पेशी दिनांक **15.09.2023** को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत जिन्हे मामले से संबंधित सम्यक अनुदेश दिए गये हो मय दस्तावेजो के जो आपके कब्जे में हो के साथ उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा में लिखित जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि आप नियत तिथी पर उपस्थित नहीं होते है तो आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर आदेश पारित किया जावेगा। नियत तिथी पर यदि कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो अथवा न्यायालय अवकाश पर रहे तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी। अत: आज दिनांक 24.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मुहर लगाकर जारी।

**नायब तहसीलदार मासोद वृत**
**प्रभात पट्टन जिला बैतूल म.प्र.**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. संभाग बिजावर,**

दूरभाष नं.-07608-299277 E-mail-eebijawar2023@yahoo.com

क्रं./का.अ.वि./विज्ञप्ति/1417 बिजावर दिनांक 06.09.2023

**विज्ञप्ति**

विषयांतर्गत लेख है कि बिजावर संभाग के वितरण केन्द्र बड़ामलहरा अंतर्गत आने वाले निम्नांकित फीडरों का मेन्टेनेन्स व आवश्यक सुधार कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण विद्युत प्रदाय प्रात: 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक बंद रहेगा। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | फीडर की लम्बाई | फीडर प्रभारी का नाम | सप्लाई बाधित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.09.2023 | बड़ामलहरा टाउन | 15 KM | अनिल जैन, गया पटेल, मलखान पाल, दृगपाल सिंह,गोकुल राजपूत,पवन यादव, मैयादीन सेन, एवम समस्त स्टाफ | बड़ामलहरा टाउन फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 2 | 10.09.2023 | बाजना मिक्स | 43 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | बाजना मिक्स फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 3 | 14.09.2023 | कर्री घरेलु | 22 KM | गोकुल राजपूत, पवन यादव | कर्री घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 4 | 11.09.2023 | सेंधपा घरेलु | 42 KM | दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | सेंधपा घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 5 | 12.09.2023 | धनगुवां घरेलु | 47 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | धनगुवां घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 6 | 13.09.2023 | धनगुवां कृषि | 77 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | धनगुवां कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 7 | 15.09.2023 | कर्री कृषि | 74 KM | गोकन राजपूत, पवन यादव | कर्री घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 8 | 16.09.2023 | सेंधपा कृषि | 57 KM | दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | सेंधपा कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 9 | 15.09.2023 | पाटन कृषि | 49 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल, दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | पाटन कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 10 | 17.09.2023 | प्रतापपुरा मिक्स | 42 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत, पवन यादव | प्रतापपुरा मिक्स फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 11 | 18.09.2023 | रानीखेरा घरेलू | 22 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत , पवन यादव | रानीखेरा घरेलू फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 12 | 19.09.2023 | जमगुवा फीडर | 17 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत, पवन यादव | जमगुवा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 13 | 10.09.2023 | गुलगंज घरेलू | 44 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | गुलगंज घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 14 | 20.09.2023 | खिरकुवा कृषि | 22 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | खिरकुवा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 15 | 21.09.2023 | बाजना कृषि | 38 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | बाजना फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 16 | 22.09.2023 | सेंधपा घरेलु | 40 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | सेंधपा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 17 | 23.09.2023 | बाजना घरेलु | 32 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल, | बाजना घरेलू फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |

नोट:-1 असुविधा के लिए खेद है। 2. विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें। 3. विद्युत चोरी करना दण्डनीय अपराध है।

**कार्यपालन अभियंता ( सं./सं. )**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. संभाग बिजावर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn.07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No. 18002331353
क्रमांक 3832/ लोकनिर्माण/2023 हरदा दिनांक 05.09.2023

नियम 91 (1)(क)(11)
ई-नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारुप
मध्यप्रदेश शासन नगर पालिका का नाम- नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी. संख्या 4719/ई- टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/ आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/कंसल्टेट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है-

| क्रं.सं./पैकेज | निर्माण कार्य/आपूर्तियॉ/सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_304750_1 | वार्ड क्रं. 01 में स्थित निराश्रित आवास हनुमान मंदिर से गोसाई मंदिर तक स्थित सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | हरदा | 2026918/- | 2 माह |

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है **www.mptenders.gov.in**
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्रं. **1.** 2023_UAD_304750_1 दिनांक 04.09.2023 से 04.10.2023 समय 5.30 बजे तक
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया **श्री एस.के. बोहरे उपयंत्री मोबाईल नं. 9926419797** पर संपर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदा**
**अंशुल आलोक गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा**
**भारती राजू कमेडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn.07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No. 18002331353
क्रमांक 3869/ जलप्रदाय/2023 हरदा दिनांक 06.09.2023

नियम 91 (1)(क)(11)
ई-नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारुप
मध्यप्रदेश शासन नगर पालिका का नाम- नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी. संख्या 3842/ई- टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/ आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है

| क्रं.सं./पैकेज | निर्माण कार्य/आपूर्तियॉ/सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_295407_2 | वार्ड क्रं. 16 स्थित गौर कॉलोनी टंकी से वितरण पाईप लाईन डाले जाने के कार्य। | हरदा | 2250887/- | 3 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्रं. 2023_UAD_295407_2 दिनांक 06.09.2023 से 20.09.2023 समय 5.30 बजे तक
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया **श्री हरिओम दोगने उपयंत्री मोबाईल नं. 9893795727** पर संपर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदा**
**अंशुल आलोक गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा**
**भारती राजू कमेडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 7 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जारी रहे भारत का जुड़ाव

राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है।

फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया।

जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंतत: गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया। स्वयं राहुल की छवि एक असफल व पार्ट टाइम नेता से बदलकर एक बेहद संजीदा, फौलादी इरादे रखने वाले तथा कुशाग्र नेता के रूप में उभरी और लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल को पहचानने में भूल की।

वैसे यह भी जानना होगा कि इतना बड़ा पैदल मार्च छवियों के बनने-बिगड़ने तक सीमित नहीं था। वह घृणा बनाम प्रेम और तोड़ने व जोड़ने के बीच का संघर्ष था। इन दो मानवीय भावों की बुनियाद में जो दो विचारधाराएं टकरा रही थीं, यह उसकी लड़ाई थी। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी व बहुलतावादी विचारधारा है जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय जनता पार्टी तथा मोदी करते हैं तो उसका प्रतिकार कांग्रेस करती है जिसके नुमाइंदे राहुल हैं। यह महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, बीआर अंबेडकर सम्प्रति महान मानवतावादियों द्वारा निर्मित दर्शन है जिसने आज का देश गढ़ा है, एक ऐसा हिन्दुस्तान जो संविधान के मार्ग पर चलता हुआ आया है। उसका विश्वास किसी एक वर्ग या वर्ण की श्रेष्ठता या आधिपत्य में नहीं है, जो समस्त संसाधनों व अवसरों के समान वितरण में यकीन करता है तथा वह कुछ लोगों का नहीं बल्कि सभी का सशक्तिकरण करना चाहता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज उसका लक्ष्य है तथा उसके लिए धर्मनिरपेक्षता व बन्धुत्व राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।

यात्रा का यही सबसे बड़ा प्रदेय है कि समाज को उसकी खोई हुई राह मिल गई है। 'इंडिया' नामक विपक्षी गठबन्धन का कांग्रेस नेतृत्व करता है। यही मोदी व भाजपा की तकलीफों का सबब है। मोदी के 9 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को जो पलीता लगा है, लोगों के बुनियादी हक जो मारे गये और देश की जो बडी बदहाली हुई है उसके कारण मोदी की छवि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर दरकी है। पांच राज्यों सहित आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा की बड़ी पराजय का खतरा मंडरा रहा है। आर्थिक संकटों के बाद भी जी-20 के खर्चीले आयोजन से मोदी की छवि के पुनर्निर्माण की कोशिश तथा विशेष सत्र बुलाकर कोई बड़ा दांव खेलने की तैयारी भाजपा कर रही है। मोदी-भाजपा को बैकफुट पर लाना भारत जोड़ो यात्रा का ही असर है।

# ये बनाम वो, हासिल आया शून्य

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

गैरजरूरी मुद्दों के अंधेरे कुएं में एक बार फिर देश को धकेलने का काम सत्तारूढ़ भाजपा ने किया है। इस बार भारत बनाम इंडिया का मुद्दा खड़ा किया गया है। संविधान के आर्टिकल एक में इंडिया यानी भारत लिखा हुआ है। जिसका मतलब यही है कि इंडिया और भारत एक ही देश के दो नाम हैं, दोनों समानार्थी हैं, दोनों में कोई अंतर या भेद नहीं है। लेकिन भारत को मध्ययुग की मानसिक गुलामी में जकड़ने की कोशिश कर रहे लोगों को बिना भेदभाव की बातें कहां समझ आती हैं। उनके लिए तो सियासत का असल मकसद ही भेदभाव को बढ़ावा देना है, ताकि सत्ता हासिल हो सके। अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो का यह गुर ऐसे लोगों ने बहुत अच्छे से सीखा है। खेद की बात ये है कि ऐसे लोगों को देश की 33 प्रतिशत जनता ने अपना मत दिया और अब उन्हें लगता है कि देश के भाग्यविधाता केवल वही हैं। देश में भाषायी, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अंतर होने के बावजूद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन सब भाई-भाई ही कहलाते आए हैं, मगर अब इस भाईचारे में सियासत की सेंधमारी हो चुकी है। भेदभाव का यह दायरा एक ही राज्य के बीच दो समुदायों में खड़ा हो चुका है। इसी वजह से मणिपुर पांच महीनों से सुलग रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात वहां बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को हटाने या राष्ट्रपति शासन लागू करने की जगह उन संपादकों, पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज हो रही है, जो मणिपुर की सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। देश में एक के बनाम दूसरे को खड़ा करने का कितना घातक असर हो चुका है, ये अभी देश के लोगों को समझ नहीं आ रहा है। जब अमृतकाल का खुमार उतरेगा, तब पता चलेगा कि जिसे अमृत समझ कर हर-हर, घर-घर के नारे लगा रहे थे, वो असल में विष जैसा असर कर रहा है। अब तक देश को बदलने की सनक राष्ट्रवाद की खाल ओढ़ाकर पेश की जा रही थी। अब देश का नाम ही बदला जा रहा है और जो इसके विरोध में कुछ बोल रहा है, उसे देशविरोधी कहा जा रहा है। एक और एक ग्यारह होते हैं, लेकिन यहां एक बनाम एक करके सब कुछ शून्य किया जा रहा है। हिंदुत्व बनाम इस्लाम, हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाएं, उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत, सनातन बनाम द्रविड़, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, जय श्रीराम बनाम अल्लाह हू अकबर, कुकी बनाम मैतेई, गांधी बनाम भगत सिंह, नेहरू बनाम पटेल, शाकाहार बनाम मांसाहार, और अब इंडिया बनाम भारत। लगता है सहअस्तित्व की सारी विरासत को ध्वस्त करने का प्रण भाजपा ने ले लिया है।

हिंदुस्तान का इतिहास इस बात का गवाह है कि यहां बाहर से बहुत लोग आए, और सब दूध में मिसरी की तरह घुल-मिल गए। इस सुंदर देश की तुलना महासागर से अकारण नहीं की जाती है। जैसे सागर में सारी नदियां आकर एक हो जाती हैं, प्रकृति के इसी सुंदर सिद्धांत को हिंदुस्तान ने सच करके दिखाया। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गई, मगर हिंदुस्तान बचा रहा। गुलाम हुआ, विभाजन का शिकार हुआ, लेकिन फिर भी बचा रहा, क्योंकि अनेकता में एकता की प्राणवायु को हमारे पुरखों ने कभी खत्म नहीं होने दिया। आज उसी प्राणवायु को बाधित किया जा रहा है और दावा है कि ये सब देशप्रेम के नाम पर हो रहा है। क्या जिससे हम प्यार करते हैं, कभी उसके जीवनस्रोत को बंद कर सकते हैं। लेकिन अभी वही हो रहा है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति नदी की भांति अविरल बहती रहे, तभी बच पाएगी, राष्ट्रवाद का बांध उसे गंदले तालाब जैसा बना देगा। इस वक्त इसी बांध में भारत की सदानीरा विरासत को रोका जा रहा है वो भी इसलिए ताकि सत्ता मिल सके। भाजपा को विचार करना चाहिए कि वह किस तरह के पानी में अपना कमल खिलाना चाहती है। सत्ता तो उसे 1996 में भी हासिल हुई थी, और 2014 में भी, अगर जनता की मर्जी हुई तो 2024 में भी भाजपा को सत्ता पर बिठाएगी और नहीं हुई तो हटा देगी। लोकतंत्र के इस चलन को ऐसे ही चलते रहना चाहिए। मगर अभी श्री मोदी को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, जिसे संक्षिप्त में इंडिया कहा गया, उससे शायद खौफ हो रहा है। इसलिए उन्होंने पहले इंडिया को इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से जोड़ा, फिर परिवारवाद क्विट इंडिया जैसे नारे लगाए और अब इंडिया शब्द को औपचारिक पत्रों से हटाने की खबरें सामने आई हैं।

राष्ट्रपति भवन से जी-20 सम्मेलन के मौके पर 9 सितंबर को एक औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। इसी तरह आसियान सम्मेलन के लिए जारी बुकलेट में प्रधानमंत्री मोदी को इंडिया की बजाय भारत के प्रधानमंत्री लिखा गया है। जबकि विदेशों में देश की पहचान भारत से अधिक इंडिया के रूप में होती है। अब कहा जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में इंडिया नाम हटाने का विधेयक पेश किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंडिया की जगह भारत बोलने का आह्वान किया। फिर भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने संविधान में संशोधन कर इंडिया की जगह भारत शब्द करने की मांग की है। श्री यादव का कहना है कि इंडिया को अंग्रेज गाली की तरह इस्तेमाल करते थे। उनसे पहले भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है।

**भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है।**

अगर भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है। वर्ल्ड हिस्ट्री वेबसाइट के मुताबिक 300 ईसा पूर्व पहली बार यूनान के राजदूत मेगस्थनीज ने सिंधु नदी के पार के इलाके के लिए इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। अंग्रेजों के लिए भी इंडिया बोलना आसान था, क्योंकि अंग्रेजी में भ का उच्चारण नहीं है। लेकिन भाजपा इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, उपनिवेशवाद और देशप्रेम से जोड़कर देश की डिक्शनरी से हटाने की कवायद में लगी है और इसके लिए जो भी तर्क दिए जा रहे हैं, उन्हें केवल कुतर्कों की श्रेणी में ही रखा जा सकता है। भाजपा के इस खेल में अमिताभ बच्चन और वीरेन्द्र सहवाग जैसे कुछ नामी लोग भी शामिल हो चुके हैं, ताकि जनता को भरमाने में आसानी हो। मगर जनता को याद रखना चाहिए कि उसका जीवन संविधान के कारण ही आसान बना रहेगा, देश का नाम बदलने से नहीं। और भाजपा के लोग बार-बार संविधान बदलने के इरादे जतला रहे हैं।

15 अगस्त को पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने 'देयर इज़ ए केस फॉर वी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉंस्टिट्यूशन' शीर्षक के लेख में ये सलाह व्यक्त कर दी कि अब संविधान को बदल देना चाहिए। इससे पहले 2017 में, मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री अनंत हेगड़े, ने कहा था कि भाजपा 'संविधान बदलने' के लिए सत्ता में आई है और 'निकट भविष्य' में ऐसा किया जाएगा। और अब ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कई कदम उठाए जा चुके हैं। देश का नाम केवल भारत तक सीमित करने में भाजपा बहुमत के कारण सफल भी हो जाए, तो भी इसका कुछ अच्छा संदेश दुनिया में नहीं जाएगा। अब तक शहरों, सड़कों, स्टेशनों का नाम भाजपा ने बदला, अब उसे इंडिया शब्द से राजनैतिक उलझन हो रही है, तो देश का नाम बदलने चली है। लेकिन इससे हासिल क्या होगा, ये विचार 9 सालों से सत्ता में बैठे लोगों को करना चाहिए।

# इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी

■ कल्याणी शंकर

नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में एक ठोस गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में पिछले सप्ताह एक सकारात्मक कदम उठाया। यह निर्णय उनकी तीसरी बैठक के दौरान लिया गया। पहली दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में हुई थीं। गठबंधन का लक्ष्य लक्ष्य 1977 या 2004 के परिदृश्य को दोहराना है जब कमजोर विपक्ष ने सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ जीत हासिल की थी।

मुंबई में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय बैठक के लिए 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। 63 उपस्थित लोगों ने साझा अभियान रणनीति और एनडीए का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद, गठबंधन ने घोषणा की कि वे अपनी 'सर्वोत्तम क्षमता के साथ मिलकर' चुनाव में भाग लेंगे। वे 'समझौते की सहयोगी भावना' का उपयोग करते हुए, तुरंत राज्य सीट-बंटवारे की व्यवस्था का आयोजन शुरू कर देंगे। इसके अतिरिक्त, उनका लक्ष्य जल्द से जल्द देश भर में सार्वजनिक रैलियां आयोजित करना है। 13 सदस्यीय समन्वय भी स्थापित किया गया।

फिर भी विपक्षी नेताओं को अहसास है कि आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की कई बाधाओं से पार पाना बाकी है। गठबंधन को क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया टीम को गठबंधन सहयोगियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों पर काबू पाने की कठिन चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें निर्बाध सीट आबंटन के लिए लेन-देन की नीति पर सहमत होना होगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करना होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे स्वीकार किया। उदाहरण के लिए, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आप राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में अपनी-अपनी राजनीतिक स्थिति है। केरल में वामपंथी और कांग्रेस की भी बड़ी हिस्सेदारी है। ममता बनर्जी ने 2 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र जारी करने का सुझाव दिया, जबकि अरविंद केजरीवाल ने अगले महीने के अंत तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव रखा।

मुख्य बात अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है, जो भाजपा के नौ साल के कार्यकाल से प्रभावित हुआ है। कई लोग अगले पांच साल तक राजनीतिक जंगल में रहने को तैयार नहीं हैं। इसलिए, सबसे उपयुक्त उम्मीदवार चुनना और विशिष्ट सीटों पर आम सहमति बनाना महत्वपूर्ण है। लेन-देन की नीति इस संबंध में मदद कर सकती है। अपने उम्मीदवार की जीत और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं सहित उनके समूह के सभी लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। ये कार्यकर्ता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि जिस पार्टी के खिलाफ वे कल तक लड़ते रहे हैं, उसका समर्थन कैसे करें।

अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर निर्णय होना बाकी है। गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने और एक नयी कहानी विकसित करने के लिए एक व्यवहार्य उम्मीदवार की पहचान करनी चाहिए। संयोजक या प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। इन सभी में, कांग्रेस ही इंडिया ब्लाक में सच्चे अर्थों में मुख्य अखिल-राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है।

पिछले दशक में ताकत में गिरावट का अनुभव करने के बावजूद, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी अपील वाली एकमात्र राजनीतिक इकाई है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतीं और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। उन्हें 12 करोड़ से अधिक वोट मिले, जबकि संयुक्त विपक्षी गुट को कम वोट मिले। उनकी किस्मत में कोई भी बदलाव देश की राजनीति पर काफी असर डाल सकता है।

कांग्रेस और भाजपा लोकसभा की एक तिहाई सीटों पर सीधी टक्कर में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है, जहां कुल मिलाकर 155 लोकसभा सीटें हैं।

एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि अगला चुनाव कब होगा। भाजपा को अपने पिछले अनुभव के कारण समय से पहले आम चुनाव कराने में झिझक हो सकती है। 2004 में भाजपा जीतने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें हरा दिया। भाजपा की हिंदी पट्टी में मजबूत उपस्थिति है, लेकिन दक्षिण में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है, जहां 129 सीटों पर कब्जा करना बाकी है।

**लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।**

हालांकि, कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री, जैसे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल का अनुमान है कि 2024 के लोकसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ मेल खा सकता है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की वकालत की है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

मोदी का लक्ष्य विपक्ष की अराजकता का फायदा उठाकर तीसरा कार्यकाल जीतना है। भाजपा ने हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तैयारी की है। इसने करीब सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में 100,000 बूथों को कवर करने के लिए 40,000 बूथ कार्यकर्ताओं को जुटाया है।

सत्तारूढ़ भाजपा अपनी योजनाओं को गुप्त रखती है और अपनी ताकत बरकरार रखते हुए विपक्ष के प्रभाव को कम करना चाहती है। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी, और बीआरएस जैसी पार्टियों के साथ तटस्थता शामिल है। पार्टी नेतृत्व का अंतिम उद्देश्य भाजपा के लिए अधिक धन प्राप्त करते हुए धन को विरोधी पक्ष में जाने से रोकना है।

अगले कुछ महीनों में दोनों खेमों में उग्र गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मोदी की लोकप्रियता, भाजपा के वित्तीय संसाधन और मजबूत संगठन अभी भी सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़त दिला सकते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव आने वाले समय की झलकी हो सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

उपवास करने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अति प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। विभिन्न मानसिकता वाले लोगों के लिए भिन्न-भिन्न दिनों किसी न किसी देवी-देवता के बहाने उपवास करने का विधान शास्त्रों में जोड़ा गया है। गुरुवार एवं रविवार के उपवास पर विशेष बल दिया गया है और यह स्पष्ट किया किया गया है कि व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में एक बार तो उपवास करना ही चाहिए। लगभग सभी भारतीय धर्मों में उपवास की महत्ता को स्वीकार किया गया है। मुसलमानों में रोजा इसी का परिचायक है। भारतीय साधना पद्धति में चंद्रायण साधना को इसीलिए महत्व दिया गया है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए, गंदगी की सफाई के लिए उपवास का अपना अलग महत्व है। अधिकांश लोगों का उपवास करने का कारण धार्मिक होता है। कुछ लोग चिकित्सकीय सलाह या अन्य कारणों से उपवास करते हैं। भोजन प्राणिमात्र के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए उपवास प्रकृति के विपरीत प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं है। उपवास से कई फायदे हैं। मानव शरीर पर उपवास का प्रभाव सकारात्मक होता है या नकारात्मक यह जानने का प्रयास वैज्ञानिक समय-समय पर करते रहते हैं।

उपवास का शाब्दिक अर्थ भोजन का पूर्ण रूप या आंशिक रूप से त्याग है। समाज में उपवास का भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ लोग उपवास में जल भी ग्रहण नहीं करते (जैसे निर्जला एकादशी के दिन, भादो मास के तीज के दिन) तो कुछ लोग परंपरागत अनाज छोड़कर फलादि खाते हैं। कुछ लोग एक समय भोजन करने को ही उपवास मानते हैं किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से जल के अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करना उपवास की श्रेणी में आता है। पतंजलि के योग सिद्धांतों में भी उपवास की महत्ता को स्वीकारा गया है। बापूजी का लंबा व्रत सुप्रसिद्ध है। विनोबा भावे भी उपवास किया करते थे। नवरात्रि के दिनों में ऋतु-परिवर्तन के कारण उपवास एवं अनुष्ठान को हर मनुष्य के लिए अनिवार्य बताया गया है। जो भोजन हम मुंह द्वारा अंदर लेते हैं, वह सीधे हमारे शरीर का भाग नहीं बन जाता। शरीर में मुंह से लेकर मलद्वार तक एक लंबी नली पाई जाती है। मुंह से भोजन इस नली में प्रवेश करता है जब भोजन आहार नाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है पाचक रसों के प्रभाव से भोजन के प्रमुख अंश विलय अवस्था में आ जाते हैं। जब भोजन आहार नाल के छोटी आंत वाले हिस्से में पहुंचता है तो भोजन के विलय अंश अवशोषित कर रक्त में मिला दिए जाते हैं शेष भाग मलाशय में मल के रूप में एकत्रित हो जाता है। रक्त में आए अंशों का शरीर के विभिन्न भागों में वितरण कर दिया जाता है। छोटी आंत की भीतरी भित्ति पर पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए विशिष्ट प्रकार की रचनाएं पाई जाती हैं, जिन्हें सूक्ष्मांकुर करते हैं, सूक्ष्मांकुरों के कारण आंतों की भीतरी सतह का क्षेत्रफल बहुत बढ़ जाता है। भोजन के पचे हुए भाग को अवशेषित कर उसे रुधिर में मिलाने की जिम्मेदारी मूलत: ये सूक्ष्मांकुर करते हैं, जब सूक्ष्मांकुर बनाने वाली कोशिकाएं वृद्ध हो जाती हैं तो इनकी कार्यक्षमता भी क्षीण हो जाती हैं। अंतत: ये कोशिकाएं मर जाती हैं तथा उनके स्थान पर नई कोशिकाएं बन जाती हैं। प्रतिस्थापन की इस प्रक्रिया में शरीर को बहुत अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। उपवास के समय पुरानी कोशिकाओं को ही पुन: प्रभावकारी बना दिया जाता है तथा कम खर्च करने में ही आहार नाल की अवशोषण प्रक्रिया सही बनी रहती है।

उपवास हमारे शरीर की एंजाइम प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने में सहायक होते हैं। पाचन क्रिया के फलस्वरूप भोजन की अतिरिक्त मात्रा को ग्लाइकोजन व वसा में बदलकर शरीर में एकत्रित कर लिया जाता है। जब शरीर को भोजन नहीं मिलता तब जिगर में संगृहीत ग्लाइकोजन व वसा को ग्लूकोज में बदलने की क्रिया एक विशिष्ट एंजाइम तत्र द्वारा संपन्न होती है। स्पष्ट है कि यह एंजाइम तंत्र भी तभी सक्रिय होता है, जब शरीर भूखा होगा। उपवास करते रहने से इस एंजाइम तंत्र को सक्रिय बने रहने में मदद मिलती है। उपवास न करने की स्थिति में इस एंजाइम तंत्र के धीरे-धीरे निष्क्रिय होते चले जाने का खतरा रहता है। उपवास का लाभ कैंसर रोकने में भी होता है।

अमेरिका के स्वास्थ्य विज्ञानी डॉ. ग्रासीकराउप ने अपने प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शरीर में भोजन रूपी कैलोरिकआपूर्ति कम होने पर जंतुओं और मानव में कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। उपवास के बाद प्रीति ओपनास्टिक कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। उन कोशिकाओं के ही कैंसर कोशिकाओं में बदलने की आशंका रहती है। इन प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उपवास शरीर के लिए नितांत उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी है। उपवास के दौरान जीवन प्रतिरोधी क्षमता (इम्युनिटी) भी बढ़ जाती है। मन भी पवित्र होता चला जाता है इसीलिए उपवास को अनिवार्य बताया जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# चौक चौराहों पर वाहन चलाने वालों की व दूकानदारी करने वालों की मनमानी

राजधानी की सड़कों पर यातायात व्यवस्था का आलम यह है कि आमापारा चौक विशाल मेगा मार्ट वाले चौक पर तो अघोषित रिक्शा ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है। आमापारा से लेकर पूरे जी.ई. रोड, आमानाका तक रास्ते के किनारे जो रेहड़ी वाले राजकुमार कॉलेज के सामने लगने वाले ठेले, कपड़े व मच्छड़दानी बेचने वाले, फल बेचने वाले अपनी दूकान का माल दूकान के बाहर रोड तक फैलाकर रखते हैं तथा खरीदी करने वाले अपनी कार व दुपहिया वाहन दूकान के बाहर खड़ी कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो जाता है। शाम 6 एवं 7 बजे के बीच गाड़ियों का रेला लगा रहता है। ई-रिक्शा वाले तो बीच में कहीं भी रास्ते पर रोक कर सवारी बैठाने का काम करते हैं। पीछे से आने वाले वाहन भले ही टकरा जाए उनकी बला से। उन्हें तो सवारी बिठाना है। यातायात के नियम का पालन तो किसी को करना ही नहीं है। सब वाहन चालकों को मनमानी करना है। चलो ट्रेन पकड़ने वालों की बात समझ में आती है जिन्हें रोज ही आना जाना पड़ता है लेकिन दुपहिया वाहन एवं कारों का काफिला तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कोई भी एक तरफ से रास्ता पार कर लें, नहीं, सबको चारों ओर से चौक पार करना है। इस आपाधापी में गाड़ियां फंस जाती हैं। न तो सिंग्नल लाइट के जलने का किसी को इंतजार करना है न बुझने का। बस उन्हें तो चौक पार करना ही है। लाइट भी इतने कम समय के लिए जलती है पूरे वाहन पार हो ही नहीं पाते या फिर इतने देर तक जलती रहेगी कि वाहन पार होने के बाद भी लाइट जलते रह जाती है। प्राय: यह रोज का ही काम है।

रोज ट्यूशन व कोचिंग करने वाले व रोज ही अपनी ड्यूटी कर लौटने वालों के कारण रोज ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी के यातायात का तो भगवान ही मालिक है। त्योहारों के समय तो पूछो ही मत। अगर भूले से एमजी, जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक चले गए तो भीड़ के कारण चलना मुश्किल हो जाता है।

सत्ती बाजार से कोतवाली चौक तक जो रोड के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए थे वह रास्ता समतल नहीं किया गया है जिसके कारण रोड ऊबड़-खाबड़ हो गया है जिससे वाहन चलाना ही दूभर है। पहले तो व्यापारियों के वाहन खड़ी होने के कारण भीड़ हो जाती थी और अब गड्ढे के कारण उस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। क्या राजधानी की यातायात सुविधा सुलभ हो पाएगी?

**एक परेशान पाठक, रायपुर**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### आज मनेगी जन्माष्टमी, मंदिरों में तैयारियां, निकलेगा चल समारोह

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े उत्साह उमंग के साथ मनाया जाएगा। गुरुवार को चल समारोह भी निकाला जाएगा। तिथि भेद होने के कारण कई जगह बुधवार को तो कई जगह गुरुवार को जन्माष्टमी मनाई जाएगी। लेकिन अधिकांश शहर के मंदिरों में गुरुवार को ही जन्माष्टमी मनाई जाएगी। मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई जाएगी । सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में लीला दर्शन कराए जाएंगे वहीं कल्याण राव जी मंदिर छैल बिहारी मंदिर धनुषधारी मंदिर सुंदर मंदिर गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर में भी कृष्ण जन्मोत्सव विशेष रूप से मनाया जाएगा । पंडित अरविंद अवस्थी ने बताया कि इस बार कृष्ण जन्म उत्सव पर विशेष सहयोग बना रहा है द्वापर युग में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर जो योग बना था वैसा ही योग इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर बन रहा है।

### हत्या के प्रयास के 2 आरोपियों को 7-7 साल का सश्रम कारावास

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने के प्रयास के दो आरोपितों को 7–7 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है शासकीय लोक अभियोजक डाक्टर अखिलेश लाहौरी ने बताया की ग्राम पमारिया तहसील नटेरन में फरियादी किशन उसके साले महेन्द्र के साथ धनराज एवं उसके लड़के बलवीर ने कुल्हाड़ी से हमला किया जो उसके सिर ओर बायें हाथ में लगी। फिर महेन्द्र ने आकर बीच बचाव किया तो धनराज व बलवीर ने उसे भी कुल्हाड़ी की उल्टी तरफ से मारा, जिससे महेन्द्र के सिर एवं दोनों हाथों में मूंदी चोट आयी। फरियादी श्रीकिशन द्वारा अभियुक्तगण के विरुद्ध लिखवायी गई रिपोर्ट पर थाना नटेरन में धार 294, 323, 307 सहपठित धारा 34 506 भाग–2 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। विचरण के लिए मामला तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डी एस परमार के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां 6सितंबर बुधवार को आरोपों में सिद्धदोष पाते हुए दोषसिद्ध करते हुये धनराज एवं बलवीर को 7–7 वर्ष का साश्रम कारावास एवं दो–दो हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

### नपा ने बाजार से हटाया अतिक्रमण



**सिरोंज, देशबन्धु।** नपा द्वारा बुधवार दोपहर को पुलिस के साथ मुख्य बाजार में सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। मालूम होकि नपा द्वारा गत माह पूर्व भी तहसील मार्ग से लेकर तालाब किनारे तक अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कि गयीं थी जिसके बाद से अतिक्रमण मुहिम बंद हो गयीं थी। एक बार फिर नपा प्रबंधन द्वारा जेसीबी से नगर के मुख्य बाजार का अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही दुकानदारों को सड़क किनारे अतिक्रमण न करने की समझाईश दी गई।

### बारिश ने दी किसानों राहत

**सिरोंज, देशबन्धु।** गत एक पखवाड़े से अधिक समय से क्षेत्र में बारिश न होने से फसलों मे लग रही बीमारियों के चलते किसान बारिश की आस कर रहे थे जोकि कई दिनों से पूरी नहीं हो रहीं थीं। बुधवार को अचानक शाम के समय बादल छाने के साथ ही बारिश करीब एक घंटे से अधिक समय तक होने के चलते किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंता की लकीरें कुछ कम होती दिखाई दी। मालूम होकि सोयाबीन, धान, उड़द एवं अन्य फसलें बारिश न होने के कारण इल्ली लगने के साथ ही फसल सूख रहीं थी जिससे किसानों को फसलें नष्ट होने की आशंका लगी हुयी थी जिससे किसान बारिष के लिऐ कई दिनों से प्रार्थना भी कर रहे थे।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता के साथ आत्मशक्ति के प्रेरणास्रोत भी: जैन

▶ पूर्व विधायक ने किया 8 सौ शिक्षकों का सम्मान



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शिक्षक राष्ट्र निर्माता होने के साथ ही आत्म शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत भी होते हैं। शिक्षकों की महानता का जितना भी वर्णन किया जाए कम है। शिक्षक सूर्य के समान होते हैं जो खुद तपकर छात्र जीवन को निखारते हैं। यह बात पूर्व विधायक निशंक जैन ने स्थानीय मानस भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही। समारोह में सेवानिवृत एवं शिक्षिक शिक्षकों का माला, शाल श्रीफल, एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया। इसके पूर्व मां सरस्वती एवं डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जैन ने कहा कि भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्मदिवस 5 सितंबर शिक्षकों के सम्मान में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में समाज को गढ़ने का कार्य शिक्षा ही करते हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य है और शिक्षक बच्चों को तराश कर उन्हें शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ते हैं, और एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। उन्होंने अपने बचपन की बाते सभी को सुनाई और कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने तक सीमित न होकर उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करते हैं। शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं और इस तरह राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षकों के बगैर सफल जीवन की कामना निरर्थक होती है। शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं मिलें, उनकी कठिनाइयां दूर हो, जिससे कि शिक्षक और अधिक मन लगाकर बच्चों को शिक्षा दें। उक्त कार्यक्रम शिक्षक सम्मान समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक मौजूद रहे। रामकिशन दुबे बहादुर सिंह दांगी जमीर अहमद प्रकाश मिश्रा सैयद मोहम्मद अदनान राजेश जैन ग्यारसपुर खिलान सिंह रघुवंशी पवन रिछारिया हरीश भावसार नीरज द्विवेदी जगदीश व्यास नेता प्रतिपक्ष मंजू कुशवाहा श्वेता जैन सरिता आर्या नीतू मिश्रा विद्या यादव गोविंद गुर्जर विष्णु महाराज रणधीर रघुवंशी सनाई ओमप्रकाश चौरसिया तोरण सिंह रघुवंशी अंसार खान बृजेश लोधी अरुण शर्मा बीडी शर्मा अमित दुबे पट्टू ज्ञानू श्रीवास्तव मणि भाई अहिरवार अजय तिवारी गौरव शर्मा जोहब हसन मुकुल जैन संतोष पाल सौरभ दुबे प्रशांत यादव यश मिश्रा पलाश जैन आदिल आकाश अभय विकास सेन अभिषेक दीक्षित सुमित पटेल सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता समलित रहे ।

लोकमंगल समिति एवं लक्ष्मीकांत शर्मा लोककल्याण न्यास ने आयोजित किया कार्यक्रम

# विधायक ने पुष्पवर्षा कर किया सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार लोकमंगल समिति एवं श्री लक्ष्मीकांत शर्मा लोककल्याण न्यास द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय शीतलामाता मंदिर पंचकुईया पर विगत शिक्षण सत्र में सेवानिवृत हुए सिरोंज–लटेरी तहसील के शिक्षकों का सम्मान समिति सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालचंद राजपूत प्राचार्य शासकीय लाल बहादुर महाविद्यालय ने कहा कि हम लोकसेवक है इसलिए हमें अपने काम को पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से करना चाहिए। हम रेलगाड़ी के उस इंजन की तरह होते हैं जिस पर रेलगाड़ी के सभी डिब्बे आश्रित होते हैं वैसे ही छात्र शिक्षक पर आश्रित होते हैं उन्हें जीवन में आगे ले जाने का दायित्व एक अच्छे शिक्षक का ही होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने कहा कि शिक्षक अपने अस्तित्व का आंकलन वेतनमान से न करके अपने गरिमामय पद से करें तो अधिक बेहतर होगा। हम अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से समझेंगे तो एक नये एवं शिक्षित भारत का निर्माण करेंगे।

समिति संरक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि इस संसार जिसके पास विद्या, तप, दान और सदाचार नहीं है वह मनुष्य के रूप में पशुओं के समान जीवन व्यतीत करता है। इस संसार में शिक्षक ही वह महान व्यक्ति है जो हमे विद्या प्रदान करके सदाचारी एवं तपस्वी बनाता है। शिक्षक और शिष्य एक दूसरे के पूरक है वह अपने शिष्य के मस्तिष्क में विद्या रूपी बीज का रोपण करता है साथ ही हम समाज में कैसे अपने जीवन जियें यह शिक्षा भी हमें अपने गुरू से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संसार में ऐसा कोई द्रव्य व धन नहीं है जिसे देकर हम अपने गुरू के ऋण से मुक्त हो सकें। हमें गुरूओं का सम्मान जीवन भर करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में आदर्श शिक्षक रघुनंदन शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी उमेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर कार्यक्रम का संचालन संतोष दवेदी एवं भूमिका वक्तव्य ओमप्रकाश दुवे, शिवकुमार मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिरोंज–लटेरी क्षेत्र के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**इन शिक्षकों का किया सम्मान:** समिति द्वारा सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती पुष्पा मुठैले, फरीदा वी, कोकव फमता, सुमनलता दुबे, लखनसिंह यादव, मिश्रीलाल अहिरवार, संतोष शर्मा, शिवनारायण शर्मा, तुलसीराम दादोरिया, जाहिद अली, कैलाश रघुवंशी, हरनामदास बैरागी, राजेश श्रीवास्तव, रघुवीरसिंह मीना, दिनेश कुमार सक्सेना, शिवाजीराव भौंसले का सम्मान किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने निकाली रैली



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं विदिशा जिले को सूखाग्रस्त घोषित कराने की मांग को लेकर मंगलवार को किसान कांग्रेस के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने पुराने मेला ग्राउंड से लेकर तहसील प्रांगण तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इसमें पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस महासचिव निशंक जैन ने कहा कि इस बार समय पर वर्षा न होने के कारण किसनों की फसलें तबाह हो गई है। जिससे करोड़ों का नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है।

कई किसान ट्रैक्टर से बखर चला कर सोयाबीन और धान की फसल तक नष्ट कर रहे हैं। ऐसे में किसानों की मदद के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। मालूम हो कि इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है वहीं धान भी सूख गई है। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बहादुर सिंह दांगी ने कहा कि 100 साल में ऐसा सूखा पड़ा है जिससे किसान तबाह हो गया है इतनी कम वर्षा अभी तक नहीं देखी। किसानों पर केसीसी का कर्ज लगा हुआ है। फसल आते ही बैंक कर्ज चुकाने के लिए तकाजा करने लगती है। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया है कि गंज बासौदा, त्यौंदा, ग्यारसपुर सहित विदिशा जिले में अल्प वर्षा के चलते सोयाबीन, धान, उड़द एवं साग सब्जी, फूल फल की फसलों में कम वर्षा एवं कीट पतंगा लगने के कारण नष्ट हो गई है। बारिश न होने से आगामी रवि की फसल भी प्रभावित होगी।

# सीमेंट सड़क निर्माण में धांधली के विरोध में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 1 स्थित बेगमबाग में 3 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें कांग्रेस के वार्ड पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने निर्माण कार्य में नर्मदा रेत जगह चूर (डस्ट) डालने का आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष नदीम खां नद्दू के साथ बुधवार को एक ज्ञापन नवागत सीएमओ जयंत वर्मा को सौंपकर स्टीमेंट के अनुसार रोड का निर्माण करवाकर ठेकेदार का भुगतान रोकने की मांग की। विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि सिरोंज नपा परिषद में 50 प्रतिशत कमीशन हावी है, जिसपर रोड में रेत की जगह डस्ट मिलाई जा रहीं है, घटिया सीमेंट का उपयोग रोड के निर्माण में किया गया। जब नपा के इंजीनियर रोहित कुशवाह ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तो उनके द्वारा रोड का निर्माण रोकने के निर्देश ठेकेदार को दिये गये मगर उनके निर्देशों के बाबजूद रोड का निर्माण ठेकेदार ने मनमर्जी पूर्वक कर दिया गया।

# नाबार्ड का कृषक प्रशिक्षण: किसानों को दी कई जानकारियां



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** कृषि महाविद्यालय और नाबार्ड के सयुक्त तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन क्लाइमेट चेंज प्रोजेक्ट नाबार्ड द्वारा संचालित है के परिणाम वैज्ञानिकों द्वारा विकासखंड कुरवाई के ग्राम वजीराबाद में 70 से अधिक किसानों का कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम सत्र के दौरान कृषि महाविद्यालय गंज बासौदा की अध्यक्षता कीट वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार गर्ग द्वारा सोयाबीन की फसलों में सेमी लुपर और इस प्रकार के कीड़े का एकीकृत कीट प्रबंधन प्रणाली द्वारा कैसे रोकथाम करें इस उपाय पर कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रवीण कुमार जगा द्वारा मिट्टी के स्वास्थ्य का रखरखाव एवं बेहतर पोषण प्रबंधन के लिए विविध प्रकार के वर्मी कंपोस्ट वर्मी कल्चर बायोगैस स्लरी एवं विविध प्रकार के सॉइल अमेंडमेंट बताएं और नीम कोटेड यूरिया लिक्विड फर्टिलाइजर और रासायनिक फर्टिलाइजर से बचने की सलाह दी जल प्रबंधन के वैज्ञानिक पप्रोजेक्ट के प्रमुख अनुदेशक डॉक्टर सतीश कुमार शर्मा द्वारा जल प्रबंधन खेतों में किस प्रकार करें मेड बंधान बोरीबंदन चेक डैम स्टॉप डैम और कम वर्षा में बेहतर सिंचाई प्रबंधन प्रणालियों स्पिंगलर बौछार सिंचाई एवं लाइव सेविंग सिंचाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी श्री घनश्याम जमालिया द्वारा कृषकों को विविध प्रकार के प्रकाश प्रपंच एवं अन्य पोषण प्रबंधन आई एन एम प्रणाली द्वारा फसलों का रखरखाव कैसे करें इस अवसर हेतु प्रशिक्षित किया गया एवं कृषकों का पंजीयन किया गया सरस्वती वंदना के दौरान कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीप ज्योति राजपूत और पूजा पंथी और का सहयोग सारणी रहा और आत्मा परिणाम के अरविंद दांगी द्वारा इस कार्यक्रम का समन्वय किया गया और ग्राम के सरपंच सुरेश अहिरवार सचिव भवर कुमार कुशवाह एवम जन अभियान परिषद से सीमा भार्गव आदि ने भी अपनी भागीदारी दी और प्रशिक्षण सत्र के समाप्ति में इस प्रोग्राम को समूह गान के द्वारा और मध्य प्रदेश गान के द्वारा समाप्त किया गया।

# ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** कैलारस में विगत मंगलवार को ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा की ओर से टिकट के दावेदार रामलाल धाकड़ के पुत्र को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध थाना कैलारस में अपराध क्रमांक 282 / 23 धारा 505 .2. ताहि.67 आईटी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। जिसकी तत्काल गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा निर्देशित किया गया था एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर व अनुविभागीय अधिकारी रवि सोनेर के मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने बाले आरोपी की घर पकड़ हेतु टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी विनोद धाकड़ पुत्र रामलाल धाकड़ को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह पहाड?ढ़ रोड कैलारस से कहीं भागने की फिराक में था। आरोपी से की गई पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर उप निरीक्षक संतोष गौतम, उप निरीक्षक राममंत्र गुप्ता, प्रधान आरक्षक श्यामवीर सिंह सिकरवार, वृंदावन अर्गल, दातार सिंह, दीपेंद्र सिंह परमार, शिवकुमार जाट, वीरपाल जाट, राहुल अटेरिया, ब्रजराज जाटव, राकेश कुशवाह, आरक्षक रोहित घंनघौरिया, देवेंद्र सिंह घुरैया, आरक्षक चालक शाकिर खान, एवं साइबर सेल के प्रधान आरक्षक स्वदेश की सराहनीय भूमिका रही।

### जहर खाने से नव विवाहिता की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लोहरीपुरा गांव में बुधवार की सुबह एक नव विवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। मृतिका के भाई ने पति व ससुरारी जनों पर दहेज के लिए जहर पिलाने का आरोप लगाया है प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरीपुरा गांव में निवासी बृजेश दोनोरिया ने बताया कि उसकी बहन वर्षा 21 वर्ष का विवाह 22 फरवरी 2023 को राहुल निवासी लोहरीपुरा के साथ संपन्न हुआ था और सामर्थ अनुसार दहेज भी दिया था। बृजेश ने बताया कि शादी के बाद से ही दोनों के बीच झगड़े होते थे तथा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

# 2 लाख से अधिक का गांजा कार से बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने बीती रात्रि आरटीओ चेक पोस्ट के पास एक कार के अंदर से 24 किलो से अधिक गांजा जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया, जिस पर से उन्होंने पुलिस टीम के साथ आरटीओ के पास निवि मोड एबी रोड मुरैना पर नाकाबंदी करते हुए एक एसएक्स 4 कार क्र0 डीएल 2 सीएके 7032 को रोककर तलाशी ली तो गाडी में कुल 17 पैकेट मात्रा 24.576 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। उक्त गांजा व गाडी मोबाइल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से घटना मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी से बरामद गांजा कि कीमत 2 लाख 40 हजार रूपये, एसएक्स 4 कार क्र0 डीएल 2 सीएके 7032 कीमत 5 लाख रूपये, रीयल मी कम्पनी का मोबाइल कीमत 10 हजार रूपये बताई गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन वीरेश सिंह कुशवाह, उप निरी. सुखदेव सिंह चौहान, उप निरी. अतुल परिहार, प्रआर मोहित शुक्ला, कुलदीप सिह, आर. संजय सिंह, जितेन्द्र, मुनेन्द्र सिंह, ऋषिकेश, गोपेश तोमर, विजयपाल सिंह व सायबर टीम उप निरी. अभिषेक जादौन, प्रशांत, कुलदीप सिंह, रामकिशन सिंह विशेष भूमिका रही।

### 17 साल से फरार आरोपी अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 17 वर्ष से कई मामलों में फरार चल रहे एक आरोपी को इस्लाम पुरा कलारी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 और कट्टा एवं कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारंटीओं की धर पकड़ के लिए लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुनील खेमरिया को बुधवार की सुबह सूचना मिली कि एक स्थाई वारंटी जो 17 वर्ष से फरार चल रहा है, वह संदिग्ध अवस्था में वारदात की नीयत से इस्लामपुरा कलारी के पास खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर से दविश दी गयी तो मौके पर राजू जोशी पुत्र हाकिम जोशी निवासी इस्लामपुरा मुरैना हाल नहर वाली माता के पीछे पहाडी ग्वालियर थाना झाँसी रोड ग्वालियर को अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा मय 315 बोर के जिन्दा राऊण्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ पर थाना कोतवाली मुरैना के 17 वर्ष से लम्बित पाँच मामलो मे स्थायी वारण्टी होने से उक्त मामलो के स्थायी वारण्ट तामील कराये गये। आरोपी के थाना कोतवाली मुरैना के अतिरिक्त सिविल लाईन, स्टेशन रोड, जौरा तरफ भी स्थायी वारण्ट पेडिंग होने की जानकारी ली जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### कांग्रेस पदाधिकारियों को नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने दिया प्रशिक्षण

**मुलताई, देशबन्धु।** बुधवार मध्यप्रदेश शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री व वर्तमान मुलताई विधायक सुखदेव पांसे द्वारा नारी सम्मान योजना के तहत पंचवटी लॉन में मुलताई एवं दुनावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं बूथ अध्यक्षो की बैठक लेकर फॉर्म वितरित किये एवं माताओ बहनो को उक्त योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु हितग्राहियो के फॉर्म भरने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुलताई विधायक सुखदेव पांसे ने कहा कि आने वाले समय में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और कमलनाथ जी मुख्यमंत्री होंगे। उनके नेतृत्व में पूरे प्रदेश की महिलाओं के लिए नारी सम्मान योजना चलाई जाएगी। जिसका लाभ समस्त महिलाओं को मिल सके इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है। हर कार्यकर्ता को अपने बूथ, मंडलम और सेक्टर पर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलवाने के लिए उनके पंजीयन कराए जाने आवश्यक है।

### एंजिल स्कूल में शिक्षक दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**हरदा,देशबन्धु।** एंजिल स्कूल में शिक्षक दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक दिवस पर जहां एक और सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने शिक्षकों के लिए उत्साह पूर्वक कई कार्यक्रम किये। वही अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन पर कई कार्यक्रम में भाग लेकर जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया। सभी छात्र-छात्राएं कृष्णा राधा और गोपियों और गालों ग्वालो के रूप में तैयार होकर आए और कृष्णा और राधा के गीतों पर नृत्य किया ।साथ ही कृष्ण की टोली ने अंत में मटकी फोड़ कर माखन खाया ।सीनियर ग्रुप में विशेष रूप से वैष्णवी वैद्य, राधिका ,संजना, राहत , मुबबसरा, खुशबू, पवन, आलोक आदि छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया वहीं जूनियर ग्रुप में विराट, दिशामांली, रिद्धि ,वेद, इशिता, माली अजबा, पूजा ,सोनाक्षी, लावण्या आदि ने अपनी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाणपत्र बुरहानखान, मीना माली ,भावना गौर ,पुर्वजा, राणे ,रजनी ,माली द्वारा प्रदान किए गए।

### कृषक सेमीनार व संगोष्ठी कल से

**हरदा,देशबन्धु।** एकीकृत बागवानी विकास मिषन के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 8 एवं 9 सितम्बर को होगा। सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग हरदा ने बताया कि यह संगोष्ठी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, इंदौर रोड में आयोजित होगी। इस संगोष्ठी में जिले के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

#### मुलताई जिला बनाओ आंदोलन: श्रीराम सेना और दुर्गावाहिनी ने सौंपा ज्ञापन

# 11 को नगर बंद का आव्हान, 15 से करेंगे आमरण अनशन

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई को जिला बनाओ आंदोलन जोर पकड़ता जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न संगठन जिला बनाओ संघर्ष समिति के आंदोलन को समर्थन कर रहे है। बुधवार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सदस्य मोहन सिंह परिहार,राजरानी परिहार,सुधीर पूरी,जगमोहन अग्रवाल,राजेश तायवाड़े, बाबा जैन ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। संगठन के मोहनसिंह परिहार ने 15 सितम्बर से आमरण अनशन की घोषणा की है। वहीं संगठन के जिला बनाओ संघर्ष समिति ने 11 सितंबर को मुलताई बंद सहित क्षेत्र के ग्रामो में भी बंद की घोषणा की है। बुधवार को जिला बनाओ संघर्ष समिति के धरना मंच पर श्रीराम सेना एवं दुर्गा वाहिनी संगठन के सदस्यो ने धरना देकर



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा है। श्रीराम सेना के गोलू नितिन पवार, अविनाश तायवाडे, हरीश बेलदार,मयूर,पियुष, दीपु, अनिकेत,अनुराग,राजेन्द्र तथा दुर्गा वाहिनी की त्रिवेणी, रुचि, नन्दनी सहित सदस्यो द्वारा सौपे गए ज्ञापन में जिला बनाओ संघर्ष समिति को समर्थन देते हुए मुलताई को जिला बनाने की मांग की है ।वहीं उभारिया,एनस, पाठाखेडा के ग्रामीणों ने जिला बनाओ संघर्ष समिति ने समर्थन दिया ।जबकि बजरंग दल के कृष्णा गावंडे ने धरना स्थल पहुचकर मुलताई जिला बनाओ आंदोलन का समर्थन किया ।वहीं पुर्व जिला पंचायत सदस्य ईश्वर दास साबले ने भी मंच पर पहुचकर आंदोलन को समर्थन दे चुके है।

## जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का हुआ शपथ समारोह



**हरदा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ हरदा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ विधि ग्रहण समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में बुधवार दोपहर 2 बजे से किया गया ।इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी गण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के अध्यक्ष प्रेमसिंह भदौरिया विशेष अतिथि व मुख्य अतिथि मंत्री कमल पटेल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा द्वारा की गई। मंच पर पूर्व अध्यक्ष अमर यादव तथा निर्वाचित अध्यक्ष संजय शांडिल्य, टिमरनी तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय उपाध्याय,मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल बिल्लौरे, शैलेन्द्र जोशी तथा ओ.पी. मोरछले भी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का पुष्प हार से स्वागत कर प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को सत्य निष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान ही नव निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पुष्प हार से स्वागत किया गया। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष प्रेमसिंह भदौरिया ने अधिवक्ताओं के हित में विभिन्न कार्य करने की योजना रखी। उपस्थित मंत्री श्री पटेल से अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का निवेदन किया गया।

## गणेश वार्ड में व्यापारी ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**बैतूल, देशबन्धु।** अनाज तिलहन दलहन के व्यापारी धमेन्द्र राठौर द्वारा गणेश वार्ड में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित कर उनकों सम्मानित किया। जिसमें वार्ड के सभी शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें ज्योति धमेन्द्र राठौर द्वारा शिक्षकों मीना साहब सिंह तोमर, सुनीता सोहनलाल राठौर, अनुलता दीपक भल्लावी, साहबलाल रावत, शरद नामदेव आदि को तिलक लगाकर, श्रीफल देकर, फूलमाला पहनाकर, वस्त्र भेंटकर आर्शीवाद लिया। इस मौके पर साहबसिंह रावत ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम वार्ड में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक वार्ड स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। सोहनलाल राठौर ने कहा कि छात्र की सफलता के पीछे शिक्षक और शिक्षक की सफलता के पीछे उसकी पत्नी होती है। शिक्षक के साथ शिक्षक की पत्नी भी उतनी ही सम्मानीय है। धमेन्द्र राठौर ने कहा कि शिक्षक त्याग, तपस्या, धैर्य और संस्कार की प्रतिमूर्ति होता है। इस अवसर पर वार्ड के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सीएमएचओ पहुंचे जेल, बंदियों से सुविधाओं की ली जानकारी

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला जेल में बंद बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच पड़ताल करने के लिए बुधवार को सीएमएचओ डॉ. अशोक बारंगा जेल पहुंचे। जेल में बंदियों को दी जाने वाले खाने को उन्होंने स्वयं भी खाकर देखा, वहीं बंदियों से भी खाने की गुणवत्ता को लेकर सवाल जवाब किए। वहीं सीएमएचओ ने जिला जेल में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं को लेकर पुछताछ की वहीं जिला जेल की डिस्पेंशरी में बंदियों को मिलने वाली इलाज की सुविधाओं को लेकर पूछताछ की। मिली जानकारी के अनुसार इस समय जिला जेल में 438 पुरुष बंदी और 18 महिला बंदी है। उनको मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जांच पड़ताल करने के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान जेलर योगेन्द्र पंवार उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ अशोक बारंगा ने बताया कि जेल में बंद बंदियों के लिए अक्टूबर माह में स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी निर्देश दिए। वहीं बुधवार को कैदियों का स्वास्थ्य जांच करने के लिए मलेरिया विभाग की टीम भी जेल में पहुंची थी, उन्होंने भी कैदियों के स्वास्थ्य को लेकर पूछताछ की। वहीं खाद्य सामग्री की भी जांच पड़ताल की है।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमीनार का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। युवाओं में मानसिक तनाव के समाधान करियर प्लैनिंग में सहायता करने तथा परीक्षा के स्ट्रेस के साथ जैसे स्थापित किया जाने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.संजय खातरकर, डॉ.स्वप्निल जैन क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट ममता सोने, नर्सिंग ऑफिसर दुल्हो बेले द्वारा जानकारी दी गई। सेमिनार में मानसिक रोगों के लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। मानसिक रोग जैसे तनाव, उदासी, घबराहट, चिंता, परीक्षा का तनाव, क्रोध, चिड़चिड़ापन आदि मानसिक रोग के लक्षण है। ऐसी स्थिति में रोगी शराब, गुटका, बीड़ी, सिगरेट आदि का सहारा लेते हैं। इससे स्थिति दिनों दिन बिगड़ती चली जाती है। ऐसे मानसिक रोगी जिला चिकित्सालय के मनकक्ष में आकर इलाज कर सकते हैं।

## सावलमेंढा में टप्पा तहसील बनाने की चर्चा

**भैंसदेही, देशबन्धु।** ब्लॉक के सावलमेंढा को टप्पा तहसील बनाने जनपद पंचायत भैंसदेही अध्यक्ष यशवंती संजय धुर्वे द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला से चर्चा कर लिखित ज्ञापन सौंपा है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि भैंसदेही तहसील केंद्र से सावलमेंढा के आगे धाबा एवं खोमई के महाराष्ट्र सीमा से सटे ग्रामों की दूरी 60 से 80 किमी के असपास है। सावलमेंढा के आगे भैंसदेही तहसील के लगभग 35 से अधिक ग्राम आते है जहां के ग्रामीणों को छोटे-छोटे राजस्व के मामलों को लेकर लंबी दूरी तय कर भैंसदेही जाना पड़ता है अगर सावलमेंढा को टप्पा तहसील बना दिया जाता है ग्रामीणों को सुविधा होगी क्योंकि क्षेत्र में सावलमेंढा ही बड़ा केंद्र है जहां उन्हें आना पड़ता है। जिस पर जिलाध्यक्ष द्वारा जल्द ही सावलमेंढा में टप्पा तहसील बनाने कहा गया



है। इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे,पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नकल धुर्वे, मुन्ना बारस्कर, अशोक सावरकर,जियालाल उईके, ईमरत अड़माची, गजेसिंग नवड़े, शेषराव ईवने,चन्दरसिंग नवड़े, दीवानजी धुर्वे ,भजनसिंग सहित युवा मोर्चा के सोमदास उईके, शेखर शिवहरे,वीरेंद्र आहाके, प्रमोद नवड़े, उज्ज्वल वाघमारे,संदीप राठौर, प्रियांशु शिवहरे, रोहित बारस्कर,विकास धुर्वे,नामदेव यादव आदि उपस्थित रहे।

## यादव समाज ने जन्माष्टमी पर निकाला चल समारोह

**चिचोली, देशबन्धु।** सर्व यादव समाज चिचोली द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में राधा कृष्णा की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई यादव समाज द्वारा हर वर्ष कुछ नया करने का प्रयास रहता है। भगवान श्री राधा कृष्ण की शोभायात्रा गोण्डु मंडाई से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाजार चौक, शनिचरा पूरा सराफा बाजार वीर दुर्गादास चौक बस स्टैंड होकर जय स्तंभ चौक तप श्री खेल मैदान संत सिंगाजी दरबार मंदिर पहुंची यहां भगवान राधा कृष्ण की आरती की गई। पूरे शोभा यात्रा मार्ग पर सामाजिक ,धार्मिक ,राजनीतिक, और सांस्कृतिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।चल समारोह के साथ जबलपुर मथुरा वृंदावन की टोली रासलीला करते चल समारोह में शामिल रहे ।चल समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक युवा और वरिष्ठ जनों ने व्यवस्था संभाल रखी थी यादव समाज की ओर से आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए कथावाचक जया यदुवंशी ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने व धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हमेशा में रुचि रखने की बात कही कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल में सांप निकलने से मचा हड़कंप

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पीएम श्री कन्या स्कूल में बुधवार दोपहर अचानक दो सांप दिखाई देने से स्कूली छात्राओं में हड़कंप मच गया। छात्राओं ने इसकी सूचना तत्काल शिक्षकों को दी। जिसके बाद शिक्षकों ने तत्काल सर्प मित्र श्रीकांत विश्वकर्मा को बुलवाया। श्रीकांत स्कूल पहुंचे और उन्होंने दोनों सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। अचानक से स्कूल में सांप निकलने से स्कूल की छात्राएं घबरा गई थी। सांप पकड़ने आए सर्पमित्र से छात्राओं ने सांप के बारे में जानकारी हासिल की और सांप के संबंधित सवाल भी पूछे। सर्प मित्र श्रीकांत विश्वकर्मा ने छात्राओं को बताया कि सांपों से डरने की जरूरत नहीं है और यदि सांप कहीं दिखाई देता है तो उसकी सूचना सर्प मित्र को दे। कभी यदि सांप काट ले तो घबराएं नहीं तत्काल अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में उपचार करवाए। झाड़ फूंक



ओझा गुनी के चक्कर में ना पड़े। स्कूल में निकले सांप से शिक्षको सहित छात्र-छात्राओं में डर का माहौल बन गया था, सर्पमित्र ने सांपों का रेस्क्यू कर उनका डर दूर किया। इसके बादछात्राओं ने सांप को हाथ लगाकर देखा और सांप से लगने वाला डर उनके मन से दूर हुआ ।हालांकि सर्प मित्र ने बताया कि यह सांप विषहीनधामन प्रजाति का सांप था किसी भी विषवाले सांप को यूं ही हाथ नहीं लगना चाहिए ।सांप का रेस्क्यू करने पर स्कूल प्राचार्य शिवदास बारपेटे, प्रधान पाठक खेमसिंह उईके, मोहम्मद नासिर खान, सुखराम बारंगे, शंकर पांडे, सुरेश पवार, इंदिरा उईके, कविता हरोडे, अनीता गावंडे आदि ने सर्पमित्र श्रीकांत विश्वकर्मा और उनकी टीम में शामिल प्रवीण पवार, आकाश राठौर, हर्षित विश्वकर्मा का आभार व्यक्त किया और सांपों को बचाने के लिए उनकी प्रशंसा भी की।

## 25 सौ बार मंच संचालन पर सोनी सम्मानित

**भैंसदेही, देशबन्धु।** नगर के मंच संचालन के महारथी संगीतकार योगेश सोनी को उनके सफल 2500 मंच संचालन पर नगर द्वारा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन की साहित्यिक महामंच पर सम्मान देकर सत्कार किया गया। अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन के ऐतिहासिक रंगमंच गांधीधाम बाजार चौक में देश एवं दुनिया से आए लाभ प्रतिष्ठित ख्याति नाम साहित्यकारों द्वारा मंच संचालन योगेश सोनी का शाल श्रीफल से सत्कार किया गया। गौरतलब हो की



नगर में और अनेकों क्षेत्र में योगेश द्वारा मंच संचालन देवी जागरण, आर्केस्ट्रा की कार्यक्रम अनेको शहरों में किए जाते हैं। कवि सम्मेलन में कवियत्री प्रेरणा ठाकरे, अतुल ज्वाला, राजेंद्र मालवीय, मुन्ना बैटरी, मनोहर, मनोज दिनकर पाठक, अनिल मिश्रा द्वारा योगेश सोनी का सम्मान किया गया।

## बिजली कटौती एवं खराब फसलों के सर्वे को लेकर विधायक ने सौंपा ज्ञापन



**भैंसदही, देशबन्धु।** बुधवार को ग्रामीणों एवं किसानों न विधायक धरमू सिंह सिरसाम के नेतृत्व में अनुविभागी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के शासनकाल में किसानों एवं आदिवासियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में रात 7 बजे से 2 बजे तक फेस बिजली दी जा रही है जो कि गलत है जिसमें किसानों को अपनी जान का खतरा बना है। समय बदला जाए किसानों के 24 घंटे बिजली प्रदान की जाए। बारिश नहीं होने के कारण फसल बर्बाद हो चुकी है जिससे तत्काल पटवारी की टीम बनाकर सर्वे करवरकर अधिक से अधिक मुआवजा दिला जाए। शासकीय स्कूलों में रिक्त पड़े शिक्षक पदों पर तत्काल भरे जाए जिससे छात्र-छात्राओं को व्यवस्थित शिक्षा मिल सके। पीएससी हॉस्पिटल पद रिक्त पड़े हैं जहां पर शीघ्र डॉक्टरों की भर्ती की जाए जिससे ग्रामीणों को उचित उपचार की व्यवस्था मिल जाए। क्षेत्र में बड़े पैमाने से गौ तस्करी का काम चालू है तत्काल बंद किया जाए आदि मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शंकर पाठक, मंडल मध्य प्रदेश धर्मेंद्र मालवीय, संजय मावस्कर,पिंकी तिवारी, सुखदेव घाणेकर,राजेंद्र महलें, जयनाथ अदलाक, बबन राठौर, शुभम राठौड़,कैलाश नागपुर, गणेश राय,मोंटू तायडे फैजान पठान, पूर्व पार्षद नरेश मोहरे, राजा आर्य, सरपंच श्रीराम भलावी, कादर शाह, दिनेश दवंडे, सतीश आर्य, कांग्रेस मीडिया प्रभारी शोएब विंध्यानी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### बिजली बिल भरे बिना ठेकेदार नगरवासियों के लाखों रुपए लेकर फरार

# 15 दिनों से बंद वाटर प्लॉट, नपा ने जारी किया नोटिस

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका के मासोद रोड पंप हाउस परिसर में लगा जीवन धारा जल तृप्ति योजना अंतर्गत संचालित आर. ओ. वाटर प्लांट 15 दिनों से बंद पडा है। जिसका विरोध नगर पालिका के अधिकारियों को झेलना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि नासिक की एक कंपनी प्रथमेश इंटरप्राइजेज द्वारा वाटर प्लांट को संचालित किया जा रहा था। संचालक द्वारा बिजली बिल नहीं भरने के कारण बिजली विभाग द्वारा प्लांट की बिजली सप्लाई काट दी गई।

नपा सीएमपी ने बताया की करीब 35 हजार रूपए का बिजली बिल जमा नहीं किया गया है। जिसके चलते सप्लाई काट दी गई, जिससे नगर में आर. ओ. पानी की सप्लाई नही हो पा रही है। कंपनी द्वारा लोगो को सब्ज़बाग दिखा कर आर. ओ. पानी का चस्का लगा दिया गया लेकिन अब जल आपूर्ति नहीं की जा रही है। आर. ओ. वॉटर प्लांट बंद होने से नागरिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और उनके लाखो



रुपए लेकर ठेकेदार फरार हो चुका है।

### बिना अमानत राशि जमा किए 10 साल के लिए दिया था ठेका

महाराष्ट्र नासिक की कंपनी को वर्तमान सीएमओ नितिन कुमार बिजवे के समय बिना किसी अमानत राशि जमा करवाएं 10 सालों के लिए ठेका दे दिया गया था। अब इस ठेके पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, कि बिना अमानत राशि जमा किए ठेकेदार को किन शर्तों पर ठेका दिया गया था।

### मशीनें हुई बंद, वाटर एटीएम हुए अनुपयोगी

कंपनी द्वारा नगर के दो स्थानों पर वाटर एटीएम भी लगाए गए थे, जिसमे भी पानी उपलब्ध नही हो रहा है, वही नगर में घूम कर पानी देने वाले वाहनों के भी पहिए थम गए है। जबकि कंपनी द्वारा वाटर कार्ड नागरिकों को दिए गए थे, जिसमे लाखो रुपए रिचार्ज का पैसा ठेकेदार द्वारा जमा करवा लिया गया था।

### 2 बार नपा जारी कर चुकी नोटिस

बिजली बिल नहीं भरने और आर. ओ. वाटर प्लांट बंद के चलते नगर पालिका द्वारा 1 सितंबर को कंपनी के नाम नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद भी ठेकेदार की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई तो नगर पालिका द्वारा बुधवार पुन: कंपनी को नोटिस के माध्यम से रिमाइंडर जारी किया गया।

### इनका कहना है

पिछले 15 दिनों से आरओ वॉटर प्लांट बंद है, ठेकेदार को दो बार नोटिस दिया जा चुका है, यदि नागरिक शिकायत करते हैं तो ठेकेदार के खिलाफ करवाई की जाएगी।

**राजकुमार इवनाती**
**सीएमओ मुलताई नगर पालिका**

## सार समाचार

### निर्वाचन संबंधी निर्देशों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों को बारीकी से समझ कर उनका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। मतदाता सूची के प्राप्त आवेदनों और दावे आपत्तियों का भी तत्परता पूर्वक निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने स्वयं अधिकारियों को ईवीएम का संचालन कर प्रक्रिया समझाई। बुधवार को कलेक्टर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन में कमिश्निंग की प्रक्रिया के संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा कमिश्निंग अंतर्गत प्रमुख रुप से ईवीएम का मूवमेंट, कार्यदल के प्रमुख कार्य , वीवीपीएटी सीलिंग, कंट्रोल यूनिट सीलिंग, बैलेट यूनिट की थंभ व्हील स्विच सेटिंग, वीवीपीएटी पर पेपर रोल इंस्टाल, कैंडिडेट सेटिंग, कमिश्निंग के दौरान आवश्यकता पड़ने पर ईवीएम का रिजर्व ईवीएम से रिप्लेसमेंट इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के प्रयासों से एमपीआरडीसी ने स्वीकृत की राशि

## बुदनी-इटारसी हाईवे के लिए 965.96 लाख स्वीकृत

- 22.20 किलोमीटर रोड का निर्माण
- मानसून समाप्त होने के बाद सड़क विकास निगम द्वारा कार्य करने की उम्मीद

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन ने मध्यप्रदेश में पंद्रह रोडों के नवीनीकरण की स्वीकृति दी है। इसमें नेशनल हाईवे 69 पर बुदनी-इटारसी सीपीई तक की रोड भी शामिल है। इस रोड को बदहाली से निकालने विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने प्रयास किये और इसके लिए राशि स्वीकृत करायी है। एमपीआरडीसी ने 22.20 किलोमीटर रोड के लिए 965.96 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस रोड पर कुछ जगहों पर सीसी रोड भी है, उस हिस्से को छोड़कर डामरीकरण किया जाएगा। विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने हाल ही में 26 अगस्त को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के एमडी अविनाश लवानिया को पत्र लिखकर इटारसी व्हाया नर्मदापुरम बुदनी मार्ग के डामरीकरण के विषय में अवगत कराया था। इसके बाद इस रोड को शामिल करके इसके लिए राशि स्वीकृत की गई है।



**सात वर्ष पूर्व हुआ था डामरीकरण**- विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को लिखे पत्र में अवगत कराया था कि इस रोड का डामरीकरण सन् 2016 में किया गया था, यह हिस्सा मप्र सड़क विकास निगम के अंतर्गत आता है। इसके बाद नया औबेदुल्लागंज-बैतूल मार्ग बनने के बाद इस मार्ग पर डामरीकरण कार्य ही नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि मार्ग अनेक जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसका डामरीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने विधायक डॉ. शर्मा की इस मांग को प्राथमिकता देकर रोड के लिए राशि स्वीकृत करायी। इस मार्ग के लिए किये गये पत्रचार के साथ ही मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा भी एमडी श्री लवानिया से मिले थे, और उनको रोड की हालत बयां की थी।

**फोरलेन बनना था यह रोड**- बता दें कि इस मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित कराने के लिए भी प्रयास किये गये हैं। हालांकि अभी अपरिहार्य कारणों से इसे फोरलेन में बदलने की प्रक्रिया को होल्ड पर रखा गया है। आगामी समय में मार्ग को फोरलेन में बदला जा सकेगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है। वर्तमान में बुदनी से सीपीई तक मार्ग की हालत खराब है और सैंकड़ों जगह सड़क या तो उखड़ गई है या फिर उसमें छोटे-बड़े गड्ढे हो गये हैं, इस मार्ग के राशि स्वीकृत होने के बाद माना जा रहा है कि मानसून खत्म होने के बाद इस रोड के डामरीकरण का कार्य प्रारंभ होगा औद जल्द ही क्षेत्र की जनता को रोड के गड्ढों से मुक्ति मिलेगी और उनका सफर आसान हो सकेगा।


### इनका कहना है

*लंबे समय से डामरीकरण नहीं होने से मार्ग की स्थिति ठीक नहीं थी। हमने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम से पत्राचार किया और मार्ग के राशि स्वीकृत कराने के प्रयास किये और अब इसके लिए राशि स्वीकृत हो गयी है। उम्मीद करते हैं कि मानसून खत्म होने के बाद इसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर रोड का काम प्रारंभ होगा।*

***डॉ.सीतासरन शर्मा, विधायक नर्मदापुरम-इटारसी***

## शिवराज के खिलाफ कांग्रेस से चुनाव लड़ सकते हैं दीपक जोशी

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी चाहेगी तो वे सीएम शिवराज सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। इटारसी में एक शिक्षक सम्मान में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए श्री जोशी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार और अपराधियों की पार्टी हो गई है और कुशाभाऊ ठाकरे, कैलाश जोशी, सुंदरलाल पटवा जैसे दिग्गज नेताओं के सिद्धांतों से भटक चुकी है।



पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी ने कुछ दिन पूर्व ही भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देकर कांग्रेस ज्वाइन की है। यहां मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम में शर्मा परिवार का बड़ा योगदान है। पं.गिरिजाशंकर शर्मा का यहां के विकास में योगदान है और पार्टी के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पार्टी को उनको जो सम्मान देना चाहिए था, उन्हें नहीं मिला। पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी ने भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर जमकर निशाना साधा। वे बोले, भाजपा अब कैडर बेस्ड पार्टी नहीं रही बल्कि अपने मुद्दे और कर्तव्यों से भटक चुकी है। यह करप्ट और क्रिमिनल लोगों की पार्टी बनकर रह गई है। देश, प्रदेश को जो दशा व दिशा जनसंघ देना चाहती थी, उस जनसेवा की राह से भाजपा भटक गई है। बीजेपी में आज कार्यकर्ता नहीं आ रहे हैं, कार्यकर्ता के नाम पर वह लोग रह गए हैं जो सत्ता का दोहन कर अपने परिवार और अपने आप को मजबूत बनाना चाहते हैं। जो आज पार्टी की पहचान के रूप में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव लड़ने को तैयार हूं। पार्टी मुझे टिकट देगी तो मैं चुनाव लडूंगा।

मंत्रीमंडल का विस्तार सौदेबाजी से

कुछ दिनों पूर्व हुए मध्यप्रदेश के मंत्रीमंडल के विस्तार व तीन विधायकों को मंत्री बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर चीज को सौदेबाजी से जोड़ा है। डेढ़ महीने में कोई मंत्री कैसे अपने विभाग का संपादन करेगा। मंत्री मंडल विस्तार भी किसी सौदे के परिणामस्वरूप ही हुआ है।

### पद के लालच में नहीं आया

श्री जोशी ने कहा कि वे कांग्रेस में किसी पद प्रतिष्ठा के लालच में नहीं आये हैं, बिना शर्त, केवल सम्मान की खातिर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। पार्टी मुझे देवास जिले की किसी एक सीट से चुनाव लड़ाना चाहती है। अगर पार्टी मौका दे तो मैं शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी विधानसभा से चुनाव लडूंगा। मैं शिवराज सिंह को लंबे समय से जानता हूं। शिवराज और मैं एक ही कॉलेज से पढ़े हैं, वह मुझसे तीन साल आगे थे, मैं उन्हें छात्र राजनीति से जनता हूं, शिवराज सिंह का लक्ष्य केवल चुनाव लड़ना और जीतना रहता है, चाहे फिर लोकतंत्र का गला घोंट दिया जाए। उनके दावपेंच से में भलीभांति परिचित हूं।

## सर्वे कर छूटे हुए बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराएं : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** डोर टू डोर सर्वे कर ऐसे सभी छूटे हुए बच्चों का स्कूलों में नामांकन किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयको को दिए। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम, सिवनीमालवा, बनखेड़ी एवं माखननगर बच्चों के नामांकन में विशेष ध्यान दें। 6 से 14 वर्ष के अप्रवेशी बच्चों की जानकारी देने के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया जाए। छूटे हुए बच्चों की सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करें।कलेक्टर श्री सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की विस्तार से समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया की जिले के नागरिक एपीसी डीपी यादव के दूरभाष क्रमांक 9406945537 पर अप्रवेशी बच्चों की सूचना दे सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि समग्र आईडी के अभाव में नामांकन से वंचित बच्चों का समन्वय कर शीघ्र समग्र आईडी बनवाया जाए। उन्होंने बिना मान्यता के अनाधिकृत रूप से संचालित स्कूलों पर कार्यवाही कर उन्हे बंद कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में नामांकन शून्य है। उन्हे बंद करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने पाठ्य पुस्तक वितरण ,साइकिल वितरण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के खाते में साइकिल वितरण की राशी नहीं पहुंची हैं। उन्होंने खाता संबंधी सुधार कर शीघ्र राशि अंतरित की जाए। कलेक्टर ने बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। बताया गया कि खेलों इंडिया यूथ गेम्स के तर्ज पर खेलों इंडिया एमपी का आयोजन सितंबर माह में किया जाएगा। जिसमें ब्लॉक ,जिला एवं राज्य स्तर पर कुल 26 खेलों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में जनजातीय कार्य एवं पिछड़ा वर्ग विभाग अंतर्गत संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर निर्देशित किया कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में भी एडमिशन प्रक्रिया की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय सिंह बिसेन सहित उक्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में आज जन्माष्टमी के ,अवसर पर जन्माष्टमी की एक्टिविटी करवाई गइ। इसके लिए स्कूल के कक्षा नर्सरी, केजी 1, व केजी 2 व क्लास पहली व क्लास 2 के बच्चे कृष्ण, राधा, ग्वाले आदि बन कर आये।छोटे छोटे बच्चे की कृष्ण-राधा की मनमोहक छवि सभी को आकर्षित कर रही थी। बच्चों ने राधा कृष्ण के भजनों पर झूमना, डांडिया करना, अपने आप में मन्त्र मुग्ध कर रहा था। ऐसा लग रहा था कि आज जीनियस प्रांगण बृजधाम बन गया हो। स्कूल संचालिका मनीता सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार की एक्टिविटी से बच्चे सर्वधर्म समभाव सीखते हैं।



## शिक्षक सम्मान से प्रभावित हुए पूर्व शिक्षा मंत्री



**इटारसी, देशबन्धु।** विपिन जोशी स्मारक समिति ने शिक्षक दिवस के मौके पर साईंकृष्णा रिसोर्ट में देश के विभिन्न प्रदेश और शहरों के 31 शिक्षकों का सम्मान किया। 39 वे वर्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी रहे। वे कार्यक्रम की व्यवस्था और सम्मान के तरीके से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने यहां घोषणा कर दी कि गुरुपूर्णिमा के मौके पर वे अपने पिताश्री (पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी) की स्मृति में ऐसा ही समारोह करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि गुरु पूर्णिमा पर इसलिए कि आप लोग भी इसमें शामिल हो सकें और 5 सितंबर को जब आप समारोह करें तो मैं भी इसमें शामिल हो सकूं। श्री जोशी ने विपिन जोशी स्मारक समिति के सदस्यों के साथ शिक्षकों की महाआरती कर पद प्रक्षालन किया और ट्रॉफी, शॉल-श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया।

**सर्वोच्च पुरस्कार त्रिपाठी को**- संस्था का सर्वोच्च सम्मान सरस्वती पुत्र सम्मान गांधी नगर गुजरात के विधि विभाग निदेशक राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के आनंद कुमार त्रिपाठी को दिया गया। वे इस कार्यक्रम में जूम के माध्यम से वर्चुअली शामिल हुए। सम्मानित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वस्ति वाचन के साथ ट्रॉफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा गुरुजनों का इस तरह से सम्मान देख व कर मैं इतना प्रभावित हुआ कि अपने गांव में अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी की याद में हर साल गुरुपूर्णिमा के दिन इसी तरह का सम्मान समारोह आयोजित करूंगा। उन्होंने बताया कि एक शिक्षिका की सीख के कारण ही वे राजनीति में आये हैं। उन्होंने कहा मैं मानता हूं कि आज भी पालकों को अपने बच्चों को संपूर्ण रूप से शिक्षक को समर्पित कर देना चाहिए ताकि समाज ठीक हो।

**ऐसा सम्मान कहीं नहीं**- संस्थापक, संरक्षक प्रमोद पगारे ने कहा शिक्षक सम्मान आपको हर जगह देखने को मिलेगा, लेकिन शिक्षकों का पदपृच्छालन और महाआरती कर सम्मान केवल विपिन जोशी स्मारक समिति के कार्यक्रम में ही मिलेगा। अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश के साहू ने कहा हमारी संस्था 39 साल से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह करती आ रही है। देश, प्रदेश व जिले के शिक्षकों का चयन किया जाता है। कार्यक्रम में संतोष सरवरिया ने कहा कि यह शिक्षकों का सम्मान नहीं बल्कि उनके जीवन में दिये जाने वाले ज्ञान के प्रति कृतज्ञता है। समारोह को विनीत चौकसे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों शिक्षक और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**जब तिरंगा लहराया हॉल में**- विपिन जोशी स्मारक समिति के कार्यक्रम में वंदे मातरम राष्ट्रगीत का गायन हुआ। इससे पहले समिति के सदस्यों ने खचाखच भरे सभागार में प्रत्येक उपस्थित जन को तिरंगे प्रदान किये। गीत के वक्त सभी ने खड़े होकर राष्ट्रध्वज लहराया और राष्ट्रध्वज और राष्ट्र के प्रति सम्मान जताया। पूरे हॉल में तिरंगे लहरा रहे थे और कार्यक्रम को ऊंचाई मिल रही थी।

## पुलिस कंट्रोल को झूठा कॉल करना पड़ा महंगा, जेल की हवा खानी पड़ी

**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल को झूठा फोन करके ट्रेन में मर्डर होने की जानकारी देना और अपने साथ भी मारपीट होने की बात करना एक ट्रेन यात्री को महंगा पड़ गया। उसके साथ उससे बहस करके ट्रेन के अन्य यात्रियों को परेशानी पैदा करने वाले एक अन्य को भी जेल की हवा खानी पड़ गई है।



दरअसल पुलिस कंट्रोल नर्मदापुरम एवं डायल 100 को ट्रेन 22177 महानगरी एक्सप्रेस के गार्ड से लगे दूसरे जनरल कोच में लड़ाई झगड़ा एवं चाकू बाजी तथा मर्डर की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर जीआरपी थाना प्रभारी रामस्नेही चौहान अपने साथ उप निरीरीक्षक सीआर तिर्की एवं एएसआई शेख मकसूद सहित ड्यूटीरत कर्मचारियों को लेकर ट्रेन अटेंड करने हेतु पहुंचे। यहां, आरपीएफ स्टाफ एवं रेलवे स्टाफ मिले, जिन्हें साथ में ले कर प्लेटफार्म नं 3 पर जाकर ट्रेन 22177 महानगरी एक्सप्रेस के आने पर पीछे का जनरल कोच अटेंड किया। यात्रियों की काफी भीड़ स्टेशन पर व ट्रेन के कोच में इकट्ठा थी। यात्रियों ने पूछताछ में बताया कि 02 व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। तलाश करने पर आरोपी रवीन्द्र गुप्ता पिता रामशिरोमणि गुप्ता उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सरवरपुर तहसील थाना कंधई जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश हाल पता 1464 गणेशमूर्ति नगर ब्लाक नं 2 पीपी मार्ग बेकवे बस डिपो जबल कफ्फ परेड मुंबई कोलावा एवं शनि कुमार सिंह पिता सत्येन्द्र प्रताप सिंह उम्र 21 साल निवासी चामुंडा चौराहा के पास इटारसी के मध्य ट्रेन में बैठने पर से झगड़ा हुआ था। दोनो पक्षों में से एक ने शराब पी रखी थी, जिससे ट्रेन में व स्टेशन पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। दोनों आरोपियों को पकड़ कर थाना लाया गया। आरोपी रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से चाकूबाजी मर्डर की सूचना दी गई थी। जीआरपी ने हेमंत सिंह भदोरिया पिता पप्पू सिंह भदोरिया उम्र 27 साल निवासी नाला मोहल्ला इटारसी एवं आबिद खान पिता जावेद खान उम्र 28 साल निवासी नाला मोहल्ला इटारसी के समक्ष मेडिकल शासकीय अस्पताल इटारसी से कराया। अपराध पंजीबद्ध करके कोर्ट में पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में हुआ निर्णय

## पीओपी की मूर्तियां के निर्माण और विक्रय पर रहेगा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शांति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी त्योहारों पर जिले में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) मूर्तियों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शांति समिति के सदस्यों ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि अनंत चतुर्दशी के दिन ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाए।

आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वो पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीतासरन शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, महेंद्र यादव , आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डुर, शहर काजी हाफिज अशफाक अली, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, डीएसपी रोहित राठौर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजेश जैन सहित अन्य शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहें। कलेक्टर ने सदन को संबोधित करते हुए कहा पूर्व की तरह जिले में आगामी पर्व भी शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाए जाए।

कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देश दिए कि आगामी सभी पर्वों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर व्यवस्था रहें। उन्होंने राजस्व , पुलिस एवं होमगार्ड के अमले को स्नान पर्वों के दौरान घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। आगामी त्योहारों पर निकल जाने वाले चल समारोह , पंडालों आदि की विस्तृत सूचना संबंधित एसडीएम एवं थाना क्षेत्र में दी जाएं। जिले में आगामी प्रमुख पर्व में 7 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी, 14 एवं 17 सितंबर को स्नान दान अमावस्या, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा, 18 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 20 सितंबर को पर्युषण, 25 सितंबर को डोल ग्यारस, 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और ईद मिलान उन नबी तथा 29 सितंबर को स्नान दान व्रत पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा।

शिक्षकों के चरणों में पुष्प अर्पित कर विधायक ने किया गुरु पूजन

## मंच से नीचे उतरकर जनप्रतिनिधि पहुंचे गुरुओं के बीच, नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने की पुष्प वर्षा

**इटारसी, देशबन्धु।** शिक्षक कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद इटारसी ने सातवें वर्ष में शासकीय स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतारन शर्मा रहे। अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बीके पटेल ने की। विशेष अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन रहे।मंच पर वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मान पूर्वक स्थान दिया गया तो वहीं गुरु पूजन गुरु वंदना के लिए स्वयं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मंच से उतरकर शिक्षकों के बीच पहुंचे और प्रत्येक के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें प्रणाम किया। नपा अध्यक्ष श्री चौरे ने सभी शिक्षकों पर पुष्प वर्षा भी की। इसके पहले भाजपा महिला मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष बबीता चौहान और सोशल मीडिया प्रभारी अनिता भगोरिया ने शिक्षकों का तिलक कर अभिवादन किया। शिक्षकों को इस तरह से सम्मान की अपेक्षा नहीं थी, शिक्षकों ने कहा कि वे इस तरह का सम्मान पाकर अभिभूत हो गए। संचालन खेल शिक्षक अश्वनी मालवीय ने किया।



इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने रामायण की चौपाई पढ़कर गुरु की महिमा बताई। कहा जब जनकपुरी में सीता जी के स्वयंवर में शिव धनुष उठाने के लिए कई राजा महाराजा जाते हैं तो वे अपने अपने इष्ट भगवान का पूजन करते हैं लेकिन जब भगवान राम धनुष उठाने जाते हैं तो वह मन ही मन अपने गुरु का पूजन करते हैं और धनुष उठाते हैं और वह उठ जाता है। इस तरह गुरु की महिमा है। डॉ शर्मा ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसा हुआ कि आप लोग अपने आप को शिक्षा विभाग के कर्मचारी मानने लगे, लेकिन अब समय बदल रहा है। भगवान राम को मानने वाले, उनका अयोध्या में मंदिर बनाने वाले लोग अब देश में सर्वोच्च पदों पर हैं, जब यह सब होने लगा है तो आपकी महिमा भी समाज में फिर से स्थापित होगी। डॉ शर्मा ने कहा कि पहले शिक्षक राष्ट्रपति बनते थे तो गौरव होता था, अब राष्ट्रपति जब शिक्षक बनते हैं तो गौरव होता है। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देकर यह कहा। पूर्व डीईओ बीके पटेल ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों को भी समाज में आगे आना चाहिए, अभी शहर में बहुत से शिक्षक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक जरुरतमंद बच्चों को निशुल्क कोचिंग दे सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने नगरपालिका परिषद परिषद के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय शिक्षकों का सम्मान इस गरिमा से करने का यह उदाहरण उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कल्याण संगठन के मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संभव हुआ है और होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के निर्देश पर नपा हर वर्ष शिक्षकों का सम्मान करती है और कोशिश करती है कि सालभर आपके लिए काम करे। शिक्षक कल्याण संगठन के संयोजक राजकुमार दुबे ने स्वागत भाषण दिया।

**150 से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान** - नगरपालिका ने इस वर्ष शहर के 20 वरिष्ठ शिक्षक जिनका उत्कृष्ट योगदान शहर में शिक्षा के लिए रहा है उनका सम्मान भी किया। इसमें एमजीएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ कश्मीर सिंह उप्पल, डॉ ज्ञानेंद्र पांडेय, डॉ व्हीके सीरिया, वीरेंद्र प्रसाद दीक्षित, एनपी चिमानिया, मोहनदास गौर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बृजकिशोर पटेल, चंद्रप्रभा ठाकुर, सुशील कुमार शर्मा, शोभा दीवान, अशोक कुमार तिवारी, प्रताप सिंह तोमर, गोविंद दास गहलोत, संतोष कुमार तिवारी, जीपी मालवीय, बृजकिशोर गौर, सुरेश कुमार मालवीय, जीपी दीक्षित, चुन्?नीलाल रैकवार, सुरेशचंद्र चौधरी हैं। वहीं 150 से अधिक शिक्षकों का सम्मान यहां प्रमाण पत्र, शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु मेहरा, पूर्व उपाध्यक्ष नपा अरुण चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक अठौत्रा, मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मयंक मेहतो, पार्षद शुभम गौर, राहुल प्रधान, दिलीप गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, शहबाज बेग, रमेश धूरिया, आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार बाबरिया, भाजपा महामंत्री नगर राहुल चौरे, जिला भाजयुमो मंत्री गोपाल शर्मा, शुभम सिंह राठौड़, सौरभ मेहरा, गोपी बंजारा, केपी सचान, मुन्ना उइके, आर्यन पटेल, पूरन मेषकर, रिषभ चौहान, श्रीयंक तिवारी, दीपू अग्रवाल, विजय चौरे, आशीष मालवीय, बसंत चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने किया देश की पहली सोलर सिटी सांची का लोकार्पण

# दुनिया को मानवता के साथ स्वच्छ ऊर्जा का भी संदेश देगी सांची



**रायसेन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोलर सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सांची वासियों का आभार किया। उन्होंने इसे देश की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि दुनिया को मानवता का संदेश देने वाली भगवान बुद्ध की नगरी सांची एक बार फिर दुनिया को सौर ऊर्जा यानि स्वच्छ ऊर्जा का संदेश देकर पर्यावरण बचाने की राह दिखाएगी। श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर बुधवार को रायसेन जिले के सांची सोलर सिटी का लोकार्पण कर नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डा प्रभुराम चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रायसेन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कालेज स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने सलामतपुर में अगले शिक्षण सत्र में सीएम राइज स्कूल, जिला पंचायत रायसेन और नगर पंचायत सांची का नया भवन के अलावा, महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा की स्थापना, अहिरवार समाज की धर्मशाला सहित अधूरी दो सड़को के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज अत्यंत गौरव का विषय है कि देश का पहला शहर सांची है जो सोलर सिटी घोषित हो रहा है। हमें बिजली की जितनी जरूरत है, उसे हम सूरज से बनाकर पूरी करेंगे। कोयले की बिजली, पेट्रोल-डीजल की बिजली के अंधाधुंध उपयोग के कारण प्रकृति पर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ा है। हम सभी का कल्याण इसी में है कि हम सूरज से ऊर्जा बनाकर उसका उपयोग करें। सूरज बारह महीने चमकता है, इससे ऊर्जा बनाकर हम अपनी जरूरतों को पूरा कर लेंगे और प्रकृति को भी नुकसान नहीं होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धरती को बचाने के लिए पर्यावरण बचाना जरूरी है और पर्यावरण बचाने के लिए हम सौर ऊर्जा का उपयोग करें। साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांची स्तूप परिसर में व्यू प्वाइंट से नागौरी हिल्स में स्थापित किए गए सोलर प्लांट का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा उन्हें सांची सोलर प्लांट की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान जैसे ही सांची स्तूप की परिधि में पहुंचते ही बैटरी चलित ई-रिक्शा में सवार होकर सांची स्तूप परिसर में बनाए गए व्यू प्वाइंट से नागौरी हिल्स में स्थापित सांची सोलर प्लांट का अवलोकन किया। सांची सोलर सिटी के लिए ग्राम नागौरी में स्थापित सोलर प्लांट से बिजली प्राप्त होने लगी है। नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के तहत किए गए कार्यों पर मुख्यमंत्री जी ने प्रसन्नता जाहिर की है। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी समेत अन्य के द्वारा रायसेन जिले के सांची को सोलर सिटी बनाए जाने के संबंध में किए गए प्रबंधों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सोलर वॉटर डिस्पेंसर (सौर ऊर्जा से चलित वॉटर कूलर) तथा सोलर ट्री लोकार्पण भी किया गया। साथ ही 04 नग बैटरी चलित ई-रिक्ता एवं 02 नग बैटरी चलित कचरा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सांची में बनाए गए ई-वहीकल चार्जिंग स्टेशन पर चार कमर्शियल चार्जिंग पॉइंट तथा तीन ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट बनाए गए हैं।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने सांची को देश की पहली सोलर सिटी होने का गौरव प्रदान करने के लिए सांची और रायसेन जिले के सभी नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि अभी तक सांची दुनिया में बौद्ध स्तूप के नाम से जानी जाती थी, अब देश की पहली सोलर सिटी के नाम से भी जानी जाएगी।

इस अवसर पर आई आई टी कानपुर और प्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए। कार्यक्रम को प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे ने सोलर सिटी बनाए जाने के सफर की जानकारी दी। उन्होंने सांची के सौर ऊर्जा साक्षरता के लिए नागरिकों को बधाई दी और आभार माना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने दिलाया मतदान का संकल्प

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली भव्य रैली





**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प की पूर्ति के लिए बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्निवाल और वॉकथॉन रैली का आयोजन किया गया।

प्लेटिनम प्लाजा से शुरू हुए इस रैली को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद पांडे और अरुण गोयल तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में हजारों की संख्या में कॉलेज और स्कूलों के छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी., एन.एस.एस., नेहरू युवा केन्द्र के वॉलेटियर्स, रेपिड एक्शन फोर्स, मध्यप्रदेश सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल के जवानों, बाइकर्स, साइकिल रैली, प्राइड वीमन वोटर की सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन इस रैली में शामिल हुए।

## हनुवंतिया बैंड और पुलिस बैंड ने बांधा समां

रैली में सबसे आगे प्राइंट वीमन वोटर्स का दल रवाना किया गया। इसके बाद रेपिड एक्शन फोर्स, एसएएस, जिला पुलिस बल, एनसीसी, एनएसएस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला-पुरूष हाथों में मतदाता जागरूकता नारों की तख्तियाँ लेकर चले। पुलिस बैंड उनका लगातार उत्साह वर्धन करता रहा। रैली की शुरूआत गणेश वंदना और हनुवंतिया बैंड के ढोलों की प्रस्तुति से की गई। युवाओं ने भारत माता की जय और वोट करेगा भोपाल के नारों से पूरे वातावरण में जोश और जूनून के साथ भाग लिया। रैली अटल पथ से डिपो चौराहा काटजू चौराहा रंग महल चौराहा से स्मार्ट सिटी पार्किंग होते हुए टीटी नगर स्टेडियम में रैली का गरिमा पूर्ण समापन हुआ।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे एवं अरुण गोयल और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन द्वारा कार्निवाल में डेमोक्रेसी वॉल पर हस्ताक्षर भी किए गए।

जयपुर में जवाहरलाल नेहरू साहित्य अकादमी ने दिया सम्मान

# वरिष्ठ लेखक पीयूष बबेले को प्रथम राष्ट्रीय पं. नेहरू शिखर सम्मान



**भोपाल, देशबन्धु।** पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी और जवाहर कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अकादमी के पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भोपाल निवासी ख्यात लेखक पीयूष बबेले को अकादमी द्वारा अपने प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार पं. नेहरू शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। बबेले को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और 100000 रू. का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। बबेले को यह सम्मान उनकी पुस्तक नेहरू मिथक और सत्य के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर श्री बबेले ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए पंडित नेहरू की लोकतांत्रिक और राष्ट्रनिर्माण की विचारधारा की ज़रूरत है। उनके साथ अकादमी की ओर से बाल साहित्य लेखन में विशेष योगदान देने के लिए 16 अन्य पुरस्कारों का वितरण व 9 सम्मान प्रदान किए गए। अकादमी की ओर से प्रकाशित बाल साहित्यकारों की 57 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष डॉ. राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे वहीं कला संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव डॉ. गायत्री राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

अकादमी के चेयरमैन इकराम राजस्थानी ने कहा कि अकादमी बचपन संवारने के लिए कार्य कर रही है। बाल मेला, बाल फिल्म निर्माण, बाल साहित्य लेखन समेत बच्चों से जुड़े विभिन्न आयोजन अकादमी की ओर से करवाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रंगायन के बाहर भोपाल की इकतारा संस्था की सहभागिता में पुस्तक व पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नौनिहाल के तहत अक्षत सोनी, हिमाक्षी सोनी ने बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी। दिव्य दृष्टि बालकों ने भी गायन किया। वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, प्रो. सतीश राय, अकादमी उपाध्यक्ष बुलाकी दास समेत अकादमी के पदाधिकारी, साहित्यकार व कला प्रेमी इस दौरान मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार समिति गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने भारत सरकार द्वारा शहरी अवसंरचना विकास निधि के संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त संचालन समिति का गठन किया गया है।

समिति में अपर मुख्य सचिव, वित्त, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, प्रमुख सचिव, पर्यटन को सदस्य एवं संचालक बजट को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति प्रशासकीय विभागों द्वारा प्रस्तावित ऐसी परियोजनाओं का परीक्षण कर अपनी अनुशंसा देगी, जिसके लिये शहरी अवसंरचना विकास निधि अंतर्गत ऋण सहायता प्राप्त किया जाना प्रस्तावित हो। समिति द्वारा योजना / परियोजना की आवश्यकता उससे राज्य को होने वाले लाभ, उसकी लागत व आर्थिक दृष्टि से उसकी उपयोगिता पर विचार किया जाएगा। यदि किसी अन्य प्रशासकीय विभाग की योजना/परियोजना शहरी अवसंरचना विकास निधि अंतर्गत ऋण सहायता की परिधि में आती है, उस स्थिति में संबंधित प्रशासकीय विभाग के अपर मुख्य सविच / प्रमुख सचिव / सचिव को बैठक में आमंत्रित किया जायेगा। समिति राष्ट्रीय आवास बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों को भी समीक्षा बैठक में आमंत्रित कर सकेगी।

# जी-20 शिखर सम्मेलन : सेना का ड्रोन सिस्टम किया गया तैनात

- बम निरोधक दस्ता भी करेगा निगरानी
- 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट की सुरक्षा भारतीय सेना का खोजी दस्ता और बम निरोधक दस्ता करेगा। सेना सूत्रों के मुताबिक सेना ने ड्रोन के जरिए होने वाले संभावित हमलों को रोकने के लिए काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी तैनात किया है। इसके अलावा जी-20 सम्मेलन के 2 दिनों तक चलने वाले मुख्य आयोजन में दिल्ली पुलिस के जवानों और वॉलेंटियर्स समेत 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई है।

## एमसीडी ने 3 हजार से ज्यादा पोस्टर हटाए

दिल्ली नगर निगम एमसीपी ने सौंदर्यीकरण अभियान के तहत दीवारों और मकानों-दुकानों, फ्लाईओवर की दीवारों समेत कई जगहों से 3,254 पोस्टर हटाए। इसके अलावा आठ जगहों स्क्रैप मैटेरियल से बनी स्टेच्यू लगाई गई हैं। इसके अलावा पब्लिक वॉल्स पर भारत की सांस्कृतिक विरासत और चंद्रयान-3 की सॉफ्ट-लैंडिंग वाले म्यूरल्स लगाए हैं।


## इंडिया गेट भी रहेगा बंद

दिल्ली-एनसीआर में 8 सितंबर से 10 सितंबर तक पब्लिक हॉलिडे की घोषणा की गई है। उससे पहले 7 सितंबर को जन्माष्टमी की सरकारी छुट्टी है। इतना ही नहीं, कार्मिक मंत्रालय ने पिछले महीने जारी आदेश में कहा था कि जी- 20 सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय भी बंद रहेंगे। इस सूची में सुप्रीम कोर्ट, मेट्रो स्टेशन, दूरदर्शन टावर-1, दूरदर्शन टावर-2, भारत संचार भवन, चुनाव आयोग ऑफिस, विदेश मंत्रालय ऑफिस, केजी मार्ग, आर्ट म्यूजियम, नेशनल साइंस सेंटर, इंडिया गेट और पटियाला हाउस कोर्ट शामिल हैं। इन इमारतों को 8 सितंबर की सुबह 9 बजे खाली करा दिया जाएगा।

## भारत मंडपम में लगाई नटराज प्रतिमा

मूर्तिकार राधाकृष्ण स्थापति ने बताया कि 18-20 टन वजनी नटराज की ब्रॉन्ज स्टेच्यू बनाने के लिए लॉस्ट-वैक्स कास्टिंग मैथड का इस्तेमाल किया गया है। इस मूर्ति को पूरा करने में 100 से ज्यादा कलाकारों को सात महीने और लगभग 3.25 लाख घंटे लगे। इसे बनाने में लगभग 10-12 करोड़ का खर्च आया।

# यूरोप दौरे पर रवाना हुए राहुल गांधी



- 4 देशों की यात्रा करेंगे कांग्रेस नेता
- यूरोपियन यूनियन के सदस्यों से मिलेंगे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार देर रात यूरोप दौरे के लिए रवाना हुए। वह 6 सितंबर से 10 सितंबर दिन) तक 4 यूरोपीय देशों- फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के सदस्यों और भारतीय समुदाय के लोगों और विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हो रही है। वो सम्मेलन खत्म होने के एक दिन बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वो इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7 सितंबर को गांधी बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन के मेंबर्स से मिलेंगे। इसी तरह की एक मीटिंग वो द हेग में भी करेंगे। वो मानवाधिकारों पर यूरोपीय संसद की उपसमिति के अध्यक्ष उडो बुलमैन के साथ भी बैठक करेंगे। 8 सितंबर को वो फ्रांस की राजधानी पेरिस में यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स को संबोधित करेंगे। 9 सितंबर को पेरिस में फ्रांस के लेबर यूनियन की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। 10 सितंबर को गांधी नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री, विपक्ष के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एर्ना सोलबर्ग से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वो सांसदों और बिजनेस लीडर्स के साथ भी बैठकें करेंगे।

# बालाघाट के चिन्नौर चावल को जियो टैग मिलने से किसानों की बढ़ी आय



**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में चिन्नौर चावल को जियो टैग मिलने से किसानों की आमदनी बढ़ी है। इसके साथ ही चावल के उत्पादन के रकबे में भी वृद्धि हुई है। चिन्नौर चावल को महत्वाकांक्षी योजना एक जिला-एक उत्पाद में शामिल किया गया है।

बालाघाट जिले में चिन्नौर की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये लालबर्रा और वारासिवनी में 2 किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) काम कर रहे हैं। यह समूह लालबर्रा चिन्नौर फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी और चिन्नौर वेली वारासिवनी नाम से काम कर रहे हैं। लालबर्रा कम्पनी के अध्यक्ष ईशुपाल चौहान ने बताया कि उनकी कम्पनी का कार्यालय ग्राम गर्रा में संचालित किया जा रहा है। शुरूआत में 515 किसान सदस्य इससे जुड़े। इनमें से 400 किसानों ने अपने खेत में चिन्नौर धान लगाया। इस वर्ष सदस्यों की संख्या बढ़कर 700 हो गई और उन्होंने 1500 से 2000 एकड़ में चिन्नौर धान लगाया। पिछले वर्ष एफपीओ का टर्न-ओवर 75 लाख रूपये रहा। किसानों को समझाइश दी गई कि धान उत्पादन में रासायनिक खाद का उपयोग न करते हुए केवल वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद का उपयोग किया जाये।

चिन्नौर चावल की उच्च गुणवत्ता को देखते हुए इसकी माँग इंदौर, भोपाल, जबलपुर, नागपुर, रायपुर आदि शहरों में हुई। आसाम के कुछ क्षेत्रों में चिन्नौर चावल की माँग की गई है। कम्पनी के पास विदेशों में भी चिन्नौर चावल निर्यात करने के लिये लायसेंस है। जिले में चावल का उत्पादन बढ़ने पर विदेशों में इसका निर्यात किया जायेगा। बालाघाट रेल्वे स्टेशन में जीआई टैग प्राप्त चिन्नौर चावल के विक्रय का स्टॉल भी लगाया गया है।

सर्दी के साथ ही चीन से भी जंग की करनी पड़ रही तैयारी

# लद्दाख में सेना की चिंता बढ़ी

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** लद्दाख के मोर्चे की एक चिंताजनक बात यह है कि भारतीय सेना को एलएसी पर इन सर्दियों में भी टिके रहने के साथ चीन से जंग की तैयारी भी करनी पड़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी सेना द्वारा कब्जाए गए इलाकों में भूमिगत शेल्टर और बंकरों के निर्माण के बाद यह संकेत मिलने आरंभ हुए हैं कि दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच एलएसी के विवादित क्षेत्रों में खूरेंजी झड़पें हो सकती हैं। जबकि समाचार यह कहते हैं कि चीन कई मोर्चों पर उलझे होने के कारण लद्दाख सीमा पर अपनी खुन्नस निकाल सकता है। ऐसे में भारतीय सेना की चिंता यह है कि और कितनी सर्दियां चीन सीमा पर गुजारनी होंगी।

- सेना को युद्ध वाली स्थिति में रहने को कहा गया
- लद्दाख सीमा पर खुन्नस निकाल सकता है चीन

रक्षा सूत्रों के बकौल, पैंगांग झील, देपसांग, स्पंगुर झील, रेजांगला आदि के एलएसी के इलाकों में भारतीय सेना को युद्ध वाली स्थिति में ही रहने को कहा गया है। उसे अपने सैनिक साजो सामान को कुछ ही मिनटों के आर्डर पर जवाबी हमला करने की स्थिति में भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख में एलएसी पर जो इंतजामात किए जा रहे हैं उनमें लगातार चौथे साल भयानक सर्दी से बचने के उपायों के अतिरिक्त ठीक सियाचिन हिमखंड की तरह युद्ध की स्थिति में बचाव और हमले करने की रणनीति अपनाने के लिए जरूरी इंतजाम भी शामिल हैं। जानकारी के लिए पिछले 39 सालों से दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल पर सियाचिन में शून्य से 40 डिग्री नीचे के तापमान में भी 'युद्ध' जारी है। अधिकारी कहते थे कि अगले महीने से लद्दाख को मिलाने वाले राजमार्ग बर्फबारी के कारण बंद होने आरंभ हो जाएंगें और ऐसे में सारा बोझ हवाई मार्ग पर आ जाएगा। एलएसी पर हालत कितने गंभीर हैं इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिछले करीब तीन महीनों से सर्दियों में पुन: टिके रहने की नहीं बल्कि चीन के साथ युद्ध होने की संभावना के मुताबिक ही तैयारियां की जा रही हैं। इसकी खातिर कई बार युद्धाभ्यास भी किए जा चुके हैं।

## बम प्रूफ बंकरों को बनाया गया

बर्फ में टिके रहने वाले टेंटों और पहने जाने वाले कपड़ों से अधिक जोर भयानक सर्दी में गर्मी का अहसास देने वाले बम प्रूफ बंकरों का बनाया जा चुका है। इन बंकरों को जमीन के नीचे बनाया गया है ताकि दुश्मन के हमलों से बचा जा सके। खासकर पिल बाक्स और अन्य चौकिओं को दुश्मन की नजर से बचाने का प्रयास किया गया है। दरअसल एलएसी पर कोई पेड़ पौधे न होने के कारण मोर्चाबंदी में बहुत ज्यादा कठिनाई पेश आ रही है। जबकि उस पार चीनी सैनिक सर्दी में अभी भी अपने आपको अभ्यस्त नहीं कर पाए हैं जिस कारण चीनी सेना गर्मियों में भी अपने सैनिकों को प्रति सप्ताह बदलती रही है, जबकि पिछली दो सर्दियों में सैनिकों को प्रतिदिन बदलने का क्रम भी लाल सेना अपना चुकी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**देश के पॉवर स्टेशन के....** कहा जा सकता है कि जल्द ही मध्यप्रदेश हाइड्रोजन के उत्पादन में देश का नं.1 राज्य बनेगा और यहां के किसान ऊर्जादाता बनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। इसका श्रेय प्रदेश की जनता को है, जिसने भाजपा को चुनकर हमें काम करने का मौका दिया। एक बार फिर जन आशीर्वाद यात्रा आपका आशीर्वाद मांगने आ रही है। मध्यप्रदेश को संपन्न, समृद्ध बनाने और हर वर्ग का कल्याण देने के लिए भाजपा को अपना आशीर्वाद दीजिए, ये हमारा वादा है कि आपको नया मध्यप्रदेश देखने को मिलेगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, प्रदेश शासन के मंत्री कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, सुश्री ऊषा ठाकुर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, गुमान सिंह डामोर, यात्रा प्रभारी व सांसद शंकर लालवानी, पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनीस, राम डागौरे, आईडीए के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, आईडीए के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, श्रीमती रंजना बघेल, विधायक देवेन्द्र वर्मा, नारायण पटेल, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, अरूण सिंह, राजेश तिवारी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खंडवा मप्र में बिजली....** सोलर प्लांट लगाकर सूरज से बिजली बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर गरीब को पक्का मकान देने का काम किया है। जिन लोगों के नाम इस योजना में छूट गए हैं, उन्हें भी आचार संहिता लगने से मुख्यमंत्री आवास योजना में शामिल किया जाएगा, उन्हें भी पक्के घर दिए जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के चक्कर में बिलकुल भी नहीं आना है, क्योंकि प्रदेश के विकास के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है।

**विस चुनाव में बुजुर्ग और....** था। इस दौरान चुनाव आयोग ने जहां राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की। वहीं, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों सहित चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों के साथ ही प्रदेश के आला अधिकारियों से भी चुनावी तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं मुहैया करने के लिए राज्य के अधिकारियों से चर्चा की गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कराने की मांग की थी। जिस पर 50 प्रतिशत केंद्र यानी 35 हजार केंद्रों की वेबकास्टिंग कराने का निर्णय लिया जाएगा। सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की सुरक्षा त्रि-स्तरीय रहेगी। इसमें केंद्रीय अर्धसैनिक बल, राज्य का सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रदेश में 18 से 19 आयु वर्ग के 18 लाख 86 हजार मतदाता हैं। ये पहली बार मतदान करेंगे। इनके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा मतदाता बनने के लिए वर्ष में 4 तिथियां घोषित करने के कारण विधानसभा चुनाव में 4 लाख 73 हजार नव मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे। सौ प्रतिशत बैगा, भारिया और सहरिया मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जा चुके हैं। आयोग ने बताया कि प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया की आबादी 9.91 लाख है। यानी सौ प्रतिशत नाम दर्ज हैं। दो सौ मतदान केंद्र ऐसे रखे गए हैं, जिनका संचालन इन्हीं समुदाय के व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा। 5 हजार मतदान केंद्र महिलाएं संभालेंगी और 1,150 मतदान केंद्र युवा अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मे रहेंगे।

**3 साल से एक ही जगह....** रेम्प आदि का निर्माण स्थायी हो, इस दृष्टि से काम कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव के समय कोई भी ऐसा अधिकारी-कर्मचारी चुनाव कार्य में सीधे तौर पर संलग्न नहीं है, जिसे एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए 3 साल हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी दलों और प्रत्याशियों को समान अवसर देने, निष्पक्षता और पारदर्शिता से काम करने के निर्देश दिए।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।